# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024








# सोचा नहीं था लेकिन टिकट मिली, माहौल देखकर कह सकता हूं कि मैं जीत रहा हूं

## चुनावी संवाद में महासमुंद से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू से विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा, यहां की जनता से मैं राजनीतिक नहीं, पारिवारिक रिश्ता बनाने आया हूं। यहां की जनता के मान-सम्मान के लिए काम करूंगा। अपने संसदीय कार्यकाल में अच्छा काम करने का प्रयास करूंगा। मुझे आप अपने परिवार का सदस्य मानकर जिताएं। उन्होंने कहा, चुनाव लड़ने के संबंध में मैंने सोचा नहीं था। पार्टी ने मेरे नाम पर तीन-तीन लोकसभा क्षेत्रों में विचार किया। महासमुंद के लोगों ने भी मेरे नाम का प्रस्ताव दिया, उसके आधार पर चुनाव लड़ रहा हूं। चुनावी संवाद में महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने चर्चा की। पेश है उनसे हुई बातचीत के कुछ अंश।

**सवाल- ताम्रध्वज साहू को हमेशा नए-नए क्षेत्र से मौका दिया जाता है। अब वे महासमुंद में घूम रहे हैं, ऐसा क्यों?**

**जवाब-** मैं नहीं चाहता कि नए क्षेत्र में जाऊं, पुरानी जगह से चुनाव लड़ूं, यह चाहता हूं, लेकिन पार्टी जहां से कहती है, वहां से चुनाव लड़ता हूं। पार्टी मेरी बेहतरी के लिए मुझे नई जगहों पर भेजती है। जहां मैं जाता हूं, वहां पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं, राजनीतिक नहीं। पार्टी के लिए एक-एक सीट महत्वपूर्ण होती है। मुझे निपटाने के लिए यहां नहीं भेजा है। मैंने लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में सोचा नहीं था। मैं पार्टी संगठन में काम करने के लिए तैयार था, लेकिन मेरा नाम कई जगहों से आया और मुझे यहां से चुनाव लड़ने का निर्देश पार्टी से मिला।

**सवाल- आपको दुर्ग से महासमुंद क्यों खिसका दिया गया?**

**जवाब-** मेरा एक ही उद्देश्य रहता है, मैं पार्टी के निर्देश मानता हूं। पार्टी संगठन में मैंने काम किया। जो अच्छा होगा, वही काम कर रहा हूं। 8 मार्च को मेरे नाम की घोषणा हुई, महासमुंद के लोग मिलने आए, तब से लेकर क्षेत्र में घूम रहा हूं। यहां की जनता अच्छी है। यह बहुत अच्छा क्षेत्र है, यह कांग्रेस का गढ़ है। पिछले 15 साल से यहां भाजपा कैसे आई, यह नहीं जानता।

**सवाल- यह लोकसभा क्षेत्र शुक्ल परिवार का गढ़ रहा है। उनके परिवार के लोग आपको मदद कर रहे हैं या नहीं।**

**जवाब-** यह शुक्ल परिवार का गढ़ रहा है। उनके परिवार से अमितेष शुक्ल सक्रिय राजनीति में हैं। वे इस चुनाव में महासमुंद क्षेत्र के प्रभारी भी हैं। वे यहां पर मेरे साथ और अकेले भी प्रचार कर रहे हैं। उनका पूरा सहयोग मिल रहा है। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

**सवाल- भाजपा वालों से कोई सहयोग मिला या कांग्रेस के लोगों से, कैसा सहयोग मिल रहा है?**

**जवाब-** भाजपा के लोग जो मुझे पसंद करते हों, वे मेरा समर्थन करेंगे। अभी कांग्रेस के लोगों के साथ घूम रहा हूं। यहां पर मैं अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रहा हूं।




**सवाल- भाजपा प्रत्याशी को आप अपने सामने कैसा मानते हैं? कांग्रेस के कई नेता भाजपा प्रवेश कर रहे हैं, पार्टी के लोगों का सहयोग मिल रहा कि नहीं?**

**जवाब-** भाजपा प्रत्याशी के बारे में मैं कुछ नहीं कहूंगा। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में एक व्यक्ति जाता है, पूरी पार्टी नहीं जाती। कांग्रेस के जो लोग भाजपा प्रवेश कर रहे हैं, वह उनका व्यक्तिगत मामला है। इस चुनाव में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। यह इसलिए बनेगी कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में कथनी और करनी में अंतर है। कांग्रेस ने जो काम किया, उसे देखकर लोग इंडिया गठबंधन और कांग्रेस का समर्थन करेंगे।

**सवाल- आप यहां से चुनाव जीतेंगे, इसके लिए कितने आश्वस्त हैं?**

**जवाब-** राज्य में विधानसभा चुनाव के समय मतदाता का रुख अलग-अलग रहता है। मेरे जीतने का सवाल है, दौरा करते हैं, उस दौरान जो अनुभव करते हैं, उसके आधार पर कह सकते हैं कि वहां की जनता मुझे जिताएगी। मैं बहुत सहज व्यक्ति हूं। सहजता और सरलता मेरी पूंजी है। उससे बाहर जाना भी नहीं चाहता। संगठन का निर्देश मानता हूं। मुझे किसी को कमजोर साबित कर दमदार नहीं बनना है। कोई किसी को ठीक करेगा या नहीं, यह चुनौती वाली बात किसी को नहीं करनी चाहिए। समय और परिस्थितियां बनाती-बिगाड़ती हैं। छोटा व्यक्ति भी बड़े व्यक्ति को गिराता और झुकाता है, हरा देता है। इतिहास में ऐसे कई मौके आए। घमंड वाली बात व्यक्ति को नहीं करनी चाहिए।

**सवाल- महासमुंद की जनता आपको क्यों जिताए, इसके लिए क्या कहेंगे?**

**जवाब-** आम लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा, इसका भरोसा दिलाता हूं। यहां के लोग जहां और जैसे चाहें, मिल सकते हैं। जनता विकास के लिए जनप्रतिनिधि चुनती है, चुनाव जीतने के बाद आपके साथ बैठकर गांव की समस्या और राज्य तथा देश के स्तर की चर्चा आम लोगों से कर काम किया जाएगा। मैं भी एक मतदाता था, तो जो मैं चाहता था, वैसा काम करने का विश्वास लोगों को दिलाता हूं।

**सवाल- भाजपा प्रत्याशी से आप किस तरह आगे चल रहे हैं?**

**जवाब-** विकास के कार्यों को लेकर जहां जैसी परिस्थिति दिखती है, वहां उस तरह से काम करता हूं। यहां की जनता मुझे पसंद कर रही है, पहले वाले नेता ने अच्छा काम नहीं किया, उसे देखते हुए लग रहा है।

**सवाल- भाजपा सरकार की योजनाएं कितना परेशान कर रही हैं?**

**जवाब-** नई सरकार को अभी तीन माह हुए हैं। यहां पर 15 साल भाजपा के कार्यकाल के बारे में जनता को बताते हैं। भाजपा के कैंपेन के बाद भी सरकार बदली। अब विष्णुदेव साय सरकार पांच साल के लिए बनी है। देश से मोदी सरकार जाने का समय आ गया है।

**सवाल - महासमुंद की जनता के लिए ताम्रध्वज का संदेश...**

**जवाब-** महासमुंद की जनता से यह निवेदन है कि वर्तमान में कांग्रेस ने मुझे महासमुंद क्षेत्र की सेवा करने का मौका दिया है। मैं आपके बीच रहूंगा। मैं राजनीतिक नहीं, पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं। मैं यहां की जनता के मान-सम्मान के लिए काम करूंगा। अपने संसदीय कार्यकाल में अच्छा काम करने का प्रयास करूंगा। मुझे आप अपने परिवार का सदस्य मानकर जिताएं।

## आमने/सामने

### कांग्रेस ने युवाओं के हाथ में पिस्तौल थमाने का काम किया : योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के हाथ में पिस्तौल थमाने का काम किया। नक्सलवाद के साथ कांग्रेस की आंतरिक समझ है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें पिस्तौल थमा दी। उन्होंने युवाओं को समाज की मुख्यधारा से हटाने का नापाक प्रयास किया। कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को बांटने का काम करती है।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा नक्सलियों की पोषक रही : शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का बयान बेतुका और झूठा है। सारा देश और छत्तीसगढ़ जानता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की पोषक तो भाजपा रही है, जिसके 15 सालों के छत्तीसगढ़ के शासनकाल में नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉक से निकलकर राज्य के 14 जिलों तक पहुंचा। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के गृह जिले तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के पांच साल में तो नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई थी।

## कांग्रेस उम्मीदवार को नहीं मिले प्रस्तावक, नामांकन रद्द

### बीजेपी पर लगाया अपहरण का आरोप

एजेंसी ▸▸| सूरत



गुजरात में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को प्रस्तावक नहीं मिल रहे हैं। सूरत से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस ने निलेश कुम्भानी को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उनका नामांकन फार्म रद्द कर दिया गया है। निलेश कुम्भानी ने चुनाव अधिकारी के सामने तीन प्रस्तावक के हस्ताक्षर करवाए थे, लेकिन जब वह नामांकन के लिए पहुंचे तो उनके साथ तीन में से एक भी प्रस्ताव मौजूद नहीं था। इसके बाद निलेश कुम्भानी का नामांकन फार्म रद्द कर दिया गया। वहीं नामांकन फार्म रद्द होने पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी ने कहा कि मेरी सुबह प्रस्तावकों से बात हुई थी और सभी ने कहा था कि 9 बजे तक कलेक्टर ऑफिस आ जाएंगे, लेकिन अब सभी के फोन बंद है।

### कोर्ट जाएंगे कांग्रेस नेता

निलेश ने कहा कि सरकार की धमकी के बाद सभी प्रस्तावक डर गए हैं। कांग्रेस के एक नेता बाबू मांगूकिया ने कहा कि हमारे तीनों प्रस्तावकों का अपहरण हुआ है और चुनाव अधिकारी को इसकी जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना हस्ताक्षर का मिलान किए नामांकन फार्म रद्द करना गलत है और हम इसके खिलाफ हाईकमान से बात कर कोर्ट जाएंगे।

## उद्धव ने किया 'मशाल' गाने में बदलाव से इंकार

### चुनाव आयोग को सीधी चुनौती

एजेंसी ▸▸| मुंबई



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। दरअसल, चुनाव आयोग ने मशाल' गाने में दो बदलाव करने को कहा था। आयोग के इस आदेश को उद्धव ने मानने से इनकार कर दिया। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साधा है। उद्धव ने चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए कहा, "कल हमें चुनाव आयोग की तरफ से एक चिट्ठी मिली। हमारे पार्टी का चिन्ह अब 'मशाल' है। हमने आगामी चुनाव के लिए मशाल गाना भी लॉन्च किया है। जब इसे चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, तब उन्होंने दो शब्द 'हिन्दू हा तुझ धर्म' और 'जय भवानी, जय शिवाजी' हटाने के लिए कहा। मैं चुनाव आयोग को कहना चाहूंगा कि हम इसे नहीं हटाएंगे।"

### आदेश को मानने से इंकार

उद्धव ठाकरे ने बताया कि वह सार्वजनिक बैठकों में जय भवानी और जय शिवाजी बोलना नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, "अगर चुनाव आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करती है तो उन्हें यह बताना पड़ेगा कि जब प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में जय बजरंग बली कहते हैं तो वे (चुनाव आयोग) क्या करते हैं। यहां तक की अमित शाह ने भी लोगों से कहा कि रामलला के दर्शन के लिए भाजपा को वोट करें।" उद्धव ने आयोग से पूछा कि क्या अब कानून को बदल दिया गया है?

# सुप्रीम कोर्ट के बड़े फैसले... जिनसे बदल गई चुनाव की दिशा और दशा

### लोकतंत्र की मजबूती में अहम भूमिका निभाई है सर्वोच्च अदालत के कुछ फैसलों ने

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जब सभी राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार चरम पर है। ऐसे वक्त में देश की सर्वोच्च अदालत के द्वारा दिए गए कुछ ऐसे फैसलों का जिक्र करना जरूरी है जिन्होंने चुनाव की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी यह फैसले अहम साबित हुए हैं। हाल ही में चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ के कई फैसलों ने सुर्खियां हासिल की हैं वहीं राजनीतिक दलों के लिए परेशानी का सबब भी बना है। आजादी के बाद से अब तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई अहम फैसले लिए गए हैं, जिन्होंने देश की दशा-दिशा बदलने में सार्थक भूमिका निभाई है।

**खास बातें**

- संसद ने 1975 में 39वां संविधान संशोधन किया था जिसने अदालतों को प्रधानमंत्री और स्पीकर के चुनाव की स्क्रूटनी करने से रोक दिया था आंशिक रूप से यह संशोधन किया गया था रद्द





आजादी के बाद से अदालतों द्वारा चुनावों को लेकर दिए गए फैसलों की बात करें तो जून, 1975 में आये इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले का बार-बार जिक्र होता है। इस फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रायबरेली सीट से निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद इंदिरा सरकार ने देश में आपातकाल लगा दिया था। इस फैसले के खिलाफ

**1975 सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला**

सुप्रीम कोर्ट में अपनी अपील के पेंडिंग रहने के दौरान संसद में 39 वां संविधान संशोधन किया गया था जिसने अदालतों को प्रधानमंत्री और स्पीकर के चुनाव की स्क्रूटनी करने से रोक दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 1975 में हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए इंदिरा गांधी के चुनाव को बरकरार रखा था लेकिन आंशिक रूप से 39 वें संविधान संशोधन को रद्द कर दिया था।

### मतदाताओं को दिया नोटा का विकल्प

सितंबर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने मतदाताओं के सामने नन ऑफ़ द एबव (नोटा) का विकल्प रखा था। अदालत ने कहा था कि किसी भी मतदाता के लिए यह बेहद जरूरी है कि वह राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में खड़े किए गए उम्मीदवारों को खारिज कर सके। दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में कुल 47 सीटें ऐसी रही थीं जहां पर जीते और हारे हुए उम्मीदवार के अंतर से ज्यादा वोट नोटा को मिले। मध्य प्रदेश में ऐसी 20, राजस्थान में 17, छत्तीसगढ़ में 8 और तेलंगाना में 2 सीटें थी।

### चुनाव आयोग के फैसले पर मुहर

*इन फैसलों के अलावा 1969 में जब कांग्रेस का विभाजन हुआ था और जगजीवन राम और एस. निजलिंगप्पा के नेतृत्व वाले खेमों ने कांग्रेस के नाम पर दावा किया था तो चुनाव आयोग ने जगजीवन राम के पक्ष में फैसला सुनाया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि जगजीवन राम के खेमे के पास कांग्रेस सांसदों, विधायकों और प्रतिनिधियों का बहुमत था। 1971 में सादिक अली के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के द्वारा दी गई व्यवस्था को बरकरार रखा था। चुनाव आयोग ने पिछले कुछ सालों में एनसीपी और शिवसेना में हुई टूट के मामले में भी 1969 में कांग्रेस के विभाजन को लेकर दिए गए फैसले के आधार पर ही अपना निर्णय सुनाया था।*

### वीवीपैट का इस्तेमाल करने का आदेश

अक्टूबर, 2013 में सुब्रमण्यन स्वामी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से चरणबद्ध तरीके से वैरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी (वीवीपैट) का इस्तेमाल करने के लिए कहा। हालांकि चुनाव आयोग शुरुआत में इसके लिए तैयार नहीं था। लेकिन अदालत ने अपने अहम फैसले में कहा था कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि पेपर ट्रेल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बेहद जरूरी है और मतदाताओं का भरोसा केवल पेपर ट्रेल को लागू करके ही करके जीता जा सकता है। अदालत ने कहा था कि ईवीएम के साथ वीवीपैट सिस्टम होने से ही यह पता चलेगा कि हमारी मतदान व्यवस्था कितनी सटीक है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को किया रद्द

सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और राजनीतिक दलों को चंदा देने वालों के नाम गुप्त रखने को असंवैधानिक ठहराया था। केंद्र की मोदी सरकार साल 2017 में इलेक्टोरल बॉन्ड की योजना लेकर आई थी। इसके जरिए कोई भी शख्स या कोई कॉरपोरेट समूह किसी भी राजनीतिक दल को जितनी मर्जी चाहे चुनावी फंडिंग कर सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड पर आए कोर्ट के फैसले के बाद आम लोगों को पहली बार इस बात का पता चला कि किस राजनीतिक दल को किसने कितना पैसा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिया।

## 'कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला किया'

### राजस्थान के जालौर में बोले पीएम मोदी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। रविवार को पीएम मोदी ने राजस्थान के जालौर में बीजेपी की विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रभक्ति से ओत प्रेत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 से पहले जो हालात थे वो हालात वापिस नहीं चाहिए, हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते, जाने वाले लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था।

### अस्थिरता की प्रतीक है पार्टी

पीएम मोदी ने कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या. कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया, इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट ऐसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या।

## चाचा शरद ने हमेशा मेरा विरोध किया : अजित

**बारामती।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव पारिवारिक संबंधों को लेकर नहीं बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक मुकाबला है। अजित पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। इस दौरान अपने चाचा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि शरद पवार ने लगभग 35 वर्षों तक उनका विरोध किया है।



## 'खुद प्रजातंत्र खत्म कर रहे और कहते हैं संविधान नहीं बदलेगा'

### सतना में खड़गे का पीएम मोदी पर हमला

एजेंसी ▸▸| सतना



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सतना की चुनावी सभा में भाजपा पर करारा हमला बोला और पीएम मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। खड़गे ने कहा, मैं कई जगह घूमा, जहां भी हम गए, वहां लोगों का प्रमुख मुद्दा महंगाई और बेरोजगारी है। महंगाई ने गरीबों की कमर तोड़ दी है और बेरोजगारी से युवा परेशान है। कोई खुश नहीं है। अगर, कोई खुश है तो सिर्फ एक ही आदमी (मोदी) खुश है। खड़गे ने कहा, राजीव गांधी की पंचवर्षीय योजना में हुए काम आज भी नजर आते हैं। देश में साइंस और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर रॉकेट बनाया। इंदिरा गांधी ने इस रॉकेट को उड़ाया। आप (भाजपा) सिर्फ कांग्रेस और गांधी फैमिली को गाली देते हैं।

### खत्म कर रहे लोकतंत्र

खड़गे ने कहा कि, प्रजातंत्र और लोकशाही को मोदी खत्म कर रहे हैं और कहते ये हैं कि डॉ. आंबेडकर भी ऊपर से नीचे आ जाएं तो संविधान नहीं बदलेगा। मोदी कहते हैं कि डॉ. आंबेडकर भी ऊपर से नीचे आ जाएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये उनके अल्फाज हैं। आपने खबरों में पढ़ा और सुना होगा। अगर, यह सच है तो आपके सांसद, मोहन भागवत और एमएलए क्यों कहते हैं कि हमे टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे।

## 1957 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने रखी थी अजीबोगरीब मांग


# बूथ पर अड़ी बुजुर्ग... नेहरू को दिखाओ तभी डालूंगी वोट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में पहली बार 1951-52 में आम चुनाव कराए गए थे। भारत का पहला लोकसभा चुनाव जहां विश्वास का काम था, तो वहीं, 1957 में दूसरा चुनाव समय के खिलाफ एक दौड़ थी। 1957 के चुनावों में कठिन प्रशासनिक चुनौतियां सामने आयीं। 1951 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से निर्धारित करने के लिए 1952 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया था। इसके अलावा जस्टिस फजल अली के नेतृत्व वाले राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1955 में अपनी सिफारिशें की थीं (जिन्हें 1956 में लागू किया गया था)। इस प्रकार, राज्यों की सीमाएं भी पहले लोकसभा चुनाव (1951-52) के दौरान की सीमाओं से भिन्न थीं।

### कांग्रेस का था बोलबाला

1952 की तरह ही 1957 के चुनाव में भी कांग्रेस मैदान में बहुत आगे थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (पीएसपी) विपक्ष में एकमात्र प्रमुख ताकतें थीं। भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ (बीजेएस) अभी भी पहचान में आने की कोशिश कर रही थी।1957 तक, जो नेता नेहरू को राजनीतिक चुनौती दे सकते थे, वे जीवित नहीं थे। 1953 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और 1956 में डॉ. बीआर अंबेडकर का निधन हो गया। गांधीवादी जेबी कृपलानी ने पीएसपी बनाने और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए अपनी केएमपीपी का जयप्रकाश नारायण की सोशलिस्ट पार्टी में विलय कर दिया था।



### मतदाताओं की अजीबोगरीब डिमांड

1957 के चुनाव में भी मतदाताओं ने दूसरे चुनाव में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव आयोग की रिपोर्ट से पता चलता है कि बिहार के एक मतदान केंद्र पर एक बूढ़ी महिला ने मतदान से पहले पंडित नेहरू को देखने की मांग की। यूपी के एक मतदान केंद्र पर कुछ मतदाताओं ने "गांधीजी" और "नेहरूजी" के अलावा किसी को भी वोट देने से इनकार कर दिया। मद्रास में, एक मतदाता ने सीईसी के लिए मतदान करने पर जोर देते हुए कहा, "मैं केवल सुकुमार सेन को वोट देना चाहता हूं, किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को नहीं। ये सभी पार्टियां मुझे दुष्प्रचार से परेशान कर रही हैं।"1957 में कुल मतदान प्रतिशत पहले लोकसभा चुनाव के 51.15% से गिरकर 47.54% हो गया। सबसे अधिक मतदान (75.68%) केरल के कोट्टायम में दर्ज किया गया जबकि कांगड़ा जो उस समय पंजाब में था वहां सबसे कम मतदान (16.94%) हुआ।

### और मजबूत बनकर उभरी कांग्रेस

कांग्रेस के भीतर उथल-पुथल के बावजूद, पार्टी चुनाव के बाद मजबूत हो गई, उसका वोट शेयर 1952 में 44.99% से बढ़कर 1957 में 47.78% हो गया। पार्टी ने 371 सीटें जीतीं, जो 1952 की तुलना में सात अधिक थी। सीपीआई 27 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर से लगातार दूसरा चुनाव जीता। 1952 में बंबई से हारने के बाद मोरारजी देसाई सूरत से, लाल बहादुर शास्त्री इलाहाबाद (अब प्रयागराज) से और फ़िरोज़ गांधी रायबरेली से जीते। अटल बिहारी वाजपेई मथुरा, लखनऊ और बलरामपुर से बीजेएस के उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें जीत सिर्फ बलरामपुर में हासिल हुई। आचार्य कृपलानी (पीएसपी) सीतामढी से जीते जबकि उनकी पत्नी सुचेता कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नई दिल्ली से जीतीं। विजयाराजे सिंधिया ने गुना से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। हारने वालों में बड़ा नाम वी वी गिरी का था जो बाद में राष्ट्रपति बने। वह पार्वतीपुरम सीट पर तीसरे स्थान पर आये। राम मनोहर लोहिया ने चंदौली से निर्दलीय चुनाव लड़ा और हार गए।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024







# भीषण गर्मी ने बंद कराए स्कूल, आठ दिन पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के शासकीय और निजी विद्यालयों में 22 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह फैसला किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 21 अप्रैल को यह आदेश जारी किया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टी के दिन रविवार को ही स्कूल शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी कर दिया है। इसमें प्रदेश के सभी शासकीय, निजी तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों को 22 अप्रैल से बंद रखने कहा गया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश के सभी स्कूलों में 22 अप्रैल से 15 जून तक शासकीय अवकाश रहेगा।

विभाग द्वारा पूर्व में जारी अवकाश संबंधित सूचना अनुसार, स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 1 मई से 15 जून तक निर्धारित थीं। राजधानी रायपुर में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। भीषण गर्मी को देखते हुए गर्मी की छुट्टियां तय तिथि से पहले ही घोषित कर दी गई हैं। विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बाद कई निजी स्कूलों द्वारा पालकों को मैसेज भेजकर देर रात तक इस संदर्भ में सूचनाएं दी गईं।

- पूर्व में समय परिवर्तन कर 11 बजे अवकाश देने का आदेश, लेकिन राहत नहीं

खास खबर

### 11 बजे हो रही थी छुट्टी

गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के स्कूलों में पहले ही समय परिवर्तन किया जा चुका है। अप्रैल की शुरुआत में ही आदेश जारी कर विभाग ने प्रथम पाली की छुट्टियां सुबह 11 बजे ही करने आदेश दिए थे। दूसरी पाली की छुट्टी भी 3 बजे की जा रही थी। इसके बाद भी छात्रों को राहत नहीं मिल रही थी। लगातार छोटे बच्चों के खराब होते स्वास्थ्य और पालकों की चिंता को देखते हुए अंततः छुट्टी दे दी गई है। गौरतलब है कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा भी एक दिन पूर्व खत लिखकर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग की गई थी।

### 1 मई से 15 जून तक निर्धारित थीं गर्मी की छुट्टियां, अब 22 अप्रैल से अवकाश



### केंद्रीय विद्यालयों में अवकाश नहीं

प्रदेश के केंद्रीय विद्यालयों में अवकाश नहीं होगा। केंद्रीय विद्यालय होने के कारण इनका संचालन केंद्रीय समिति द्वारा किया जाता है, इस कारण केंद्रीय ▶▶|शेष पेज 2 पर

### शिक्षकों को राहत नहीं

छुट्टी संबंधित यह व्यवस्था सिर्फ बच्चों के लिए ही की गई है। शिक्षकों को इसमें कोई राहत नहीं दी गई है। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह आदेश शिक्षकों पर लागू नहीं होगा। उन्हें पूर्व की तरह निर्धारित समय में अपनी सेवाएं देनी होंगी। यदि किसी स्कूल द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है अथवा आदेश के बाद भी शाला संचालन किया जाता है, तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

कोलकाता 222/6 Vs बेंगलोर 221/10

1 रन जीती केकेआर

27* रन, 3 विकेट : आंद्रे रसेल

प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

मुंबई Vs राजस्थान

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### योगा एक्सप्रेस के कोच में लगी आग



**हरिद्वार।** गुजरात के अहमदाबाद से उत्तराखंड के ऋषिकेश आ रही योगा एक्सप्रेस रेलगाड़ी के एक कोच में आग लग जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना हरिद्वार जिले के इकबालपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर हुई।

### कश्मीर में हथगोले के साथ शिक्षक गिरफ्तार



**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को एक व्यक्ति के पास से एक पिस्तौल एवं दो हथगोले बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान कमरुद्दीन के रूप में की गई है, जो पेशे से शिक्षक है।

### पटाखा कारखाना विस्फोट एक और मजदूर की मौत



**इंदौर।** पटाखा कारखाने में पांच दिन पहले हुए विस्फोट में झुलसे 29 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। इस घटना में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर दो हो गई। पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में करीब 80 प्रतिशत झुलसे उमेश चौहान (29) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### फसल काटने वाली मशीन पलटी, तीन की मौत



**जबलपुर।** जबलपुर जिले में फसल काटने वाली एक मशीन पलट गई, जिससे तीन युवकों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों की पहचान अजय सिंह (25), पप्पू (25) और खूब सिंह (26) के रूप में हुई है। यह दुर्घटना कुंडम शहर के पास हुई।

### योगी का ऐसा स्वागत... जेसीबी-बुलडोजर की लगी कतार



# छत्तीसगढ़ में गरजे योगी, कहा- नक्सलवाद और आतंकवाद से कांग्रेस की सांठगांठ

*लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं हो रही हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ में रविवार को राजनांदगांव-कोरबा और बिलासपुर में चुनावी सभाएं की। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद से कांग्रेस की सांठगांठ है। इधर, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बालोद और राजनांदगांव में आयोजित सभा में भाजपा सरकार पर निशाना साधा।*

### विकसित भारत के लिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी : योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/कोरबा/राजनांदगांव

कोरबा की सभा में सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने नौजवानों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया और उनके हाथों में तमंचा थमा दिया। कांग्रेस समाज को बांटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कांग्रेस समस्या है, भाजपा समाधान

बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस देश की समस्या और भाजपा इस समस्या का समाधान है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दूसरों को ऊर्जा देने वाली नगरी खुद अंधेरे में : सरोज

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश को अपराध के प्रदेश से मुक्ति दिलाई और भयमुक्त प्रदेश बनाया। विकास को गति प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 10 वर्षों में देश को आगे ▶▶|शेष पेज 2 पर

# विपक्षी दलों के नेताओं को डराकर भाजपा में कराया जा रहा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/राजनांदगांव

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को राजनांदगांव और बालोद में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राजनांदगांव की सभा में भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए वाड्रा ने कहा कि विपक्षी दलों के अच्छे नेताओं को डरा-धमकाकर भाजपा में प्रवेश कराया जा रहा है। वहीं, बालोद की सभा में उन्होंने कहा कि महंगाई पिछले 10 सालों में हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, यह आपकी ▶▶|शेष पेज 2 पर

### प्रियंका गांधी ने लगाया आरोप, महंगाई का मुद्दा भी उठाया



### भूपेश पर नए-नए मामले

राजनांदगांव लोकसभा की जनसभा में प्रियंका ने कहा कि पिछले दो सालों से भाजपा पूर्व सीएम भूपेश के खिलाफ नए-नए मामले ला रही है, लेकिन वे अगर आज भाजपा में शामिल ▶▶|शेष पेज 2 पर

### भूपेश ने गिनाई नाकामी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा की नाकामी गिनाते हुए कहा की साय की सरकार आते ही गरीबों के राशन में डांका डाला गया और प्रत्येक व्यक्ति 5 किलो देने की बात सामने आई है, जबकि कांग्रेस की ▶▶|शेष पेज 2 पर

# शराब मामले में पूर्व आईएएस टूटेजा गिरफ्तार, जेल गए, पुत्र को पूछताछ के बाद छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा दर्ज दूसरे केस में पूर्व आईएएस अफसर अनिल टूटेजा को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पुत्र यश टूटेजा को पूछताछ के बाद ईडी ने छोड़ दिया। रविवार को गिरफ्तार अनिल टूटेजा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रंजू वैष्णव की कोर्ट में पेश किया गया। ▶▶|शेष पेज 2 पर

- ईडी द्वारा दर्ज दूसरी ईसीआईआर में पहली गिरफ्तारी

हरिभूमि फॉलोअप



पूर्व आईएएस टूटेजा व बेटा यश को ईडी ने लिया हिरासत में

### बीमारी का हवाला देकर घर का खाना देने की मांग

बचाव पक्ष के वकील ने अनिल टूटेजा की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले दिनों दिए गए फैसले का हवाला दिया। इस पर ▶▶|शेष पेज 2 पर

# साय ने वनांचल में मांगा समर्थन


हरिभूमि ▶▶| कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा के अपने प्रत्याशी संतोष पाण्डेय की जीत सुनिश्चित करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने भाजपा की कवर्धा और पंडरिया विस में रैली, सभाएं हो रहीं हैं। रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा के लिए समर्थन मांगा। इस अवसर उनके साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

*भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में ग्राम कोदवागोड़ान में विशाल चुनावी सभा*



# रामलला के दर्शन से पहले अब श्रद्धालुओं को देनी होगी 'परीक्षा'



**अयोध्या।** राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी 'परीक्षा' से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए एंट्री मिलेगी। फर्जीवाड़ा पर अंकुश के लिए पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है।

### आईडी प्रूफ की मांग

पुनः फ्रीस्किंग एरिया में यूपी पुलिस के एक उपनिरीक्षक पास धारक के आईडी प्रूफ की मांग करते हैं। उसके आईडी प्रूफ से सम्बन्धित पास धारक के चेहरे का मिलान करने के अलावा पास में स्लाट के समय व तिथि की भी जांच की जाती है। इस जांच से संतुष्टि के बाद जांच अधिकारी भी अपना हस्ताक्षर करते हैं।

## यूजीसी नेट में हुए दो बड़े बदलाव, इसी साल से होंगे लागू

# 4-वर्षीय स्नातक डिग्री वाले भी दे सकेंगे यूजीसी नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूजीसी नेट एग्जाम 2024 पर बड़ी खबर आई है। नेट एग्जाम में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। ये दोनों बदलाव इसी बार की जून 2024 यूजीसी नेट परीक्षा से लागू किए जा रहे हैं। चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक ▶▶|शेष पेज 2 पर




### यूजीसी नेट की प्रमुख तिथियां

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन शुरू | - 21 अप्रैल |
| आवेदन की अंतिम तिथि | - 10 मई |
| आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि | - 12 मई 2024 |
| आवेदन में ऑनलाइन संशोधन की तिथियां | - 13 से 15 मई |
| एग्जाम सिटी स्लिप और एडमिट कार्ड तिथि | - बाद में जारी होगी |
| यूजीसी नेट 2024 परीक्षा की तिथि | - 16 जून 2024 |

### ये दो बड़े बदलाव

**पहला**

कैंडिडेट जो चार साल का ग्रेजुएशन या 8 सेमेस्टर का यूजी कोर्स कर रहे हैं और वो अपने आखिरी साल में पढ़ रहे हैं या अंतिम सेमेस्टर में हैं, तो उन्हें भी यूजीसी नेट 2024 जून एग्जाम के लिए योग्य माना जाएगा। ऐसे उम्मीदवार भी जून 2024 नेट एग्जाम के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**दूसरा**

जो कैंडिडेट 4 चार साल का ग्रेजुएशन कर रहे हैं, उन्हें ये छूट दी जाएगी कि वे किसी भी विषय में नेट की परीक्षा दे सकते हैं। यानी उनके लिए सिर्फ उसी सब्जेक्ट में नेट एग्जाम देने की बाध्यता नहीं होगी जिसमें उन्होंने ग्रेजुएशन किया है। हालांकि कैंडिडेट को नेट एग्जाम सब्जेक्ट में से वह विषय चुनना होगा, जिसमें वह आगे पीएचडी करना चाहते हैं।

# क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिवर्तन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है,चेतना होगा।



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के



सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।


यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।

24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
एस.एन. वर्मा



# महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार,उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।

पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।

बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। 12 महीनों की अवधि में, कुल 167 कार्यशालाएँ और छात्रों, शिक्षकों और केस कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों के 1,05,000 से अधिक नेटीजनों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया था। डेटा और डिजिटल फ़ुटप्रिंट को समझना , जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, गलत सूचना से लड़ना, साइबर अपराध और निवारण। अभियान को डब्ल्यूएसआईएस पुरस्कार 2020 के लिए एक चौंपियन प्रोजेक्ट नामित किया गया था। भारत के 6 राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु और मणिपुर में कुल 62,000 लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया गया ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### कंगना-विक्रमादित्य की बयानबाजी का औचित्य

कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से प्रत्याशी हैं। कंगना की राजनीति में नई-नई एंट्री है और वह शायद पहली बार चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विक्रमादित्य राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार मंडी से राजनीति का पुराना खिलाड़ी विक्रमादित्य बाजी मारेगा या फिर कंगना रनौत, यह तो मतदाता ही तय करेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ये दोनों विभिन्न तरह के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विक्रमादित्य कांग्रेस की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कंगना मोदी सरकार की उपलब्धियों को।

*- महेंद्र तिवारी, रायगढ़*

## करंट अफेयर


# तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार



अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

## ऑफ बीट

# 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा



क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया - तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना - 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है। व्यायाम, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक और आत्म-सुखदायक गतिविधियाँ हमें तनाव को स्वस्थ तरीके से संसाधित करने और तनाव चक्र को पूरा करने में मदद करती हैं। तनाव चक्र कैसा दिखता है? वैज्ञानिक और शोधकर्ता 'तनाव प्रतिक्रिया' का उल्लेख करते हैं, अक्सर सामना करने या इससे बच निकलने की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'तनाव चक्र' वाक्यांश को स्व-सहायता विशेषज्ञों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है लेकिन इसका वैज्ञानिक आधार है। तनाव चक्र किसी तनावपूर्ण घटना के प्रति हमारे शरीर की प्रतिक्रिया है, चाहे वह वास्तविक हो या कथित, शारीरिक हो या मनोवैज्ञानिक।

## ट्रेंड

### लोकसेवकों को शुभकामनाएं



सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महावीर के अहिंसा संदेश



महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई



भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

### खरीद क्षमता कम हुई



मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
सोमवार, 22 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 22, अंक : 274
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**


मौसम
अधि. 41.2
न्यून. 27.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 टॉपलेस फोटोशूट से चर्चा में आ गईं

विचार पेज
ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत




# बुजुर्गों की सुधरेगी सेहत, अब 65 की उम्र पार भी ले सकेंगे बीमा की नई पॉलिसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा, बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।

खास खबर


### आयुर्वेद, होम्योपैथी में ऐसा लाभ

आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे दायर कर सकते हैं।

## बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर हटाया आयु प्रतिबंध

### किश्तों में प्रीमियम

अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किश्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है।




### कैंसर-एड्स वाले भी करा सकेंगे इंश्योरेंस

अपने सर्कुलर में इरडाई ने बीमा कंपनियों को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियां देने का आदेश भी दिया गया है। इसमें बीमा कंपनियों को कैंसर, हार्ट और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। सर्कुलर के अनुसार, इरडा ने हेल्थ इंश्योरेंस वेटिंग पीरियड को भी 48 महीने के बजाय घटकर 36 महीने कर दिया है।




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने जारी की 11 उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश और झारखंड के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की।



पार्टी ने आंध्र प्रदेश की नौ और झारखंड की दो लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। पार्टी ने प्रदीप यादव को उम्मीदवार घोषित किया है।

### थरूर के खिलाफ साइबर पुलिस ने दर्ज किया केस

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शशि



थरूर पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ दुष्प्रचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान थरूर ने अपमानजनक बयान दिया था।

### सात कैदियों ने पास की बोर्ड परीक्षाएं

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के परिणाम में हाईस्कूल के हरदोई जेल में बंद 5 बंदी उत्तीर्ण हुए, जिसमें से तीन



बंदे प्रथम स्थान पर जबकि दो बंदी द्वितीय स्थान पर आए। जिला कारागार से इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए 5 बंदी छात्रों ने अपना पंजीकरण यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए कराया था। 5 में से 2 बंदी छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। दोनों बंदी उत्तीर्ण हुए।

### एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, पांच की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी। नोएडा के रहने वाले संतोष



की बारात अलग-अलग गाड़ियों से शनिवार को देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई।

## शाह रायपुर पहुंचे, साथ आए असम के चुनाव प्रभारी कैप्टन अभिमन्यु

# छत्तीसगढ़ अहम, तीन दिन में तीन शीर्षस्थ दिग्गजों का दौरा, मोदी और शाह रुकेंगे रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए छत्तीसगढ़ अति महत्वपूर्ण हो गया है। भाजपा के तीन शीर्षस्थ नेताओं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का तीन दिनों लगातार दौरा होगा। इतना ही नहीं, लोकसभा के अत्यंत व्यस्ततम समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह रात्रि विश्राम भी करेंगे। आधा दर्जन सभाएं भी होंगी। छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर तो मंथन होगा ही, छत्तीसगढ़ में बैठकर अन्य राज्यों के लिए भी रणनीति बन सकती है।

रविवार शाम श्री शाह रायपुर पहुंचे। उनके साथ असम चुनाव प्रभारी कैप्टन अभिमन्यु भी थे। वे यहां पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ⏭ शेष पेज 2 पर

खास खबर

1. मोदी 23 को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे, रायपुर राजभवन में करेंगे रात्रि विश्राम
2. कांकेर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आज होगी चुनावी सभा



एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का सीएम विष्णुदेव साय ने किया स्वागत

### शाह की सभा अब सुबह 11 बजे

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की कांकेर के नरहरदेव हाईस्कूल में आमसभा अब सुबह 11 बजे रखी गई है। पहले यह सभा दोपहर को 1 बजे होने वाली थी। सभा के लिए श्री शाह हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से सुबह को 10 बजे कांकेर जाएंगे। इस सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव शामिल होंगे।

### ठाकरे परिसर में देर रात तक चर्चा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में देर रात चर्चा की। उन्होंने बस्तर में हुए लोकसभा चुनाव को लेकर फीडबैक लिया। 10 लोकसभा सीटों को लेकर भी मंथन किया। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### मोदी राजभवन में रहेंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 23 और 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में तीन सभाएं होंगी। मंगलवार को जहां सक्ती और धमतरी में सभा होगी, वहीं 24 अप्रैल को सरगुजा में सुबह को 9 बजे सभा होगी। श्री मोदी 23 अप्रैल को सभाएं करने के बाद रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। इसको लेकर शासन और प्रशासन तैयारी में लग गया है। श्री मोदी रात को राजभवन में रहने के बाद 24 अप्रैल को सरगुजा में सभा करने के बाद ही वापस लौटेंगे।

### नड्डा की आज तीन सभाएं



राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सोमवार को एक के बाद एक तीन सभाएं होंगी। पहली सभा लोरमी में सुबह 11 बजे होगी। इस सभा के बाद दूसरी सभा दुर्ग लोकसभा के भिलाई में 12.30 बजे रखी गई है। तीसरी सभा रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में दोपहर 2 बजे होगी। तीनों सभाओं में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ⏭ शेष पेज 2 पर

जंगल में एक घर में ली थी शरण

## पुलिस के हत्थे चढ़ी मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुठभेड़ के बाद घायल एक महिला नक्सली ने जंगल में ही एक घर में शरण ली थी। सूचना पर ओडिशा पुलिस ने उसे धरदबोचा। पूछताछ के बाद उसे धमतरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। घायल महिला नक्सली बुरी तरह से जख्मी है। पैरों में चोट लगी है और इंफेक्शन फैल रहा है, उसका इलाज जिला ⏭ शेष पेज 2 पर

### महिला नक्सली का इलाज जारी

घायल महिला नक्सली का इलाज चल रहा है। मुठभेड़ के दौरान उसके पैरों में चोट लगी थी। पैरों में संक्रमण फैल गया है। पहली प्राथमिकता है कि वह स्वस्थ हो जाए। उसके बाद उससे पूछताछ की जाएगी।
-आंजनेय वार्ष्णेय, एसपी धमतरी

### एक लाख का इनामी नक्सली ढेर



**बीजापुर।** केशकुतुल के जंगल में रविवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। मौके पर सर्चिंग के दौरान एक कंटरी मेड बंदूक, कुकर बम, कॉर्डेक्स वायर, फ्यूज, डेटोनेटर, जिलेटीन स्टीक, पटाखा, माओवादी वर्दी, बेल्ट, पिट्ठू, प्रतिबंधित माओवादी संगठन का साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। थाना भैरमगढ़ ⏭ शेष पेज 2 पर

सामने आ गए मवेशी

## बस पलटी, चुनाव ड्यूटी से लौट रहे 12 जवान घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा के फरसपाल में चुनाव ड्यूटी के बाद लौट रहे एमपी सशस्त्र बल के जवानों की बस कोड़ेनार थाना क्षेत्र के पाराकोट के करीब पलटने से सवार 12 जवान घायल हो गए। तोकापाल स्वास्थ्य केन्द्र में 5 जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि 7 जवान को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिस ⏭ शेष पेज 2 पर

- घायलों का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी

### आवश्यकता पड़ने पर रायपुर रेफर किया जाएगा

जवानों की स्थिति सामान्य व खतरे से बाहर है। आवश्यकता पड़ने पर बेहतर इलाज के लिए घायल जवानों को रायपुर रेफर किया जाएगा।
-सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

### चुनाव में लगी थी पूरी बटालियन की ड्यूटी

मध्यप्रदेश सशस्त्र बल 2 बटालियन ग्वालियर की पूरी बटालियन लोकसभा चुनाव कार्य मे ड्यूटी करने के लिए दंतेवाड़ा जिले के फरसपाल गए हुए थे। यहां 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के बाद पूरी टीम धीरे-धीरे अपने क्षेत्रों के लिए निकल रही थी। वहीं फरसपाल में चुनाव संपन्न कराने के बाद पूरी टीम अगले चरण की ड्यूटी के लिए गरियाबंद के लिए निकली थी। पाराकोट के पास हुए हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल ⏭ शेष पेज 2 पर

*इलेक्ट्रोरल बांड मामले में लिखें चुप्पी तोड़ने पत्रः सुशील आनंद शुक्ला*

## भाजपा महासचिवों ने लिखा भूपेश को पत्र-सौम्या पर तोड़िए चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, राम जी भारती व भाजपा नेता सियाराम साहू ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। पत्र में पूछा गया है कि सौम्या चौरसिया पर आप मौन क्यों है। बार-बार सौम्या की जमानत रद्द हो रही है। वह आपकी उपसचिव रही हैं। भाजपा नेताओं ने इस मामले में चुप्पी तोड़ने की ⏭ शेष पेज 2 पर

### भाजपा ने मांगे जवाब

*आपके मुख्यमंत्रित्व काल में 02 दिसंबर, 2022 को जब सौम्या चैरसिया की गिरफ्तारी हुई थी, तब आपने कहा था, यह गिरफ्तारी गलत है, जबरन गिरफ्तारी की गई है और यह सरकार को बदनाम करने की साजिश है। अब जबकि पिछले 16 माह से सौम्या चैरसिया को जमानत तक नहीं मिल रही है, तब प्रदेश को आप बताएं कि भ्रष्टाचार के इतने गंभीर मामले की आपने पैरवी क्यों की? भाजपा नेताओं ने कहा, ये कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब प्रदेश की जनता आपसे चाहती है।*

### सस्ता प्रचार पाने का तरीकाः सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह सस्ता प्रचार पाने का तरीका है। भाजपा के ऐसे लोग पत्र लिख रहे हैं जिनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, इनको ⏭ शेष पेज 2 पर

## इंडिया की महारैली में हंगामा एक-दूसरे पर फेंकी कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ताकत का प्रदर्शन करने के लिए रविवार को रांची में 'उलगुलान न्याय' रैली का आयोजन किया गया। रैली में जमकर हंगामा हुआ। दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के ऊपर कुर्सियां फेंकी और लाठियों से हमला किया।



### इंडिया की रैली में बरसीं सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है।

## कार और ट्रक की टक्कर में तीन भाइयों समेत नौ की मौत

# एक साथ निकली आठ दोस्तों की शवयात्रा, रो पड़ा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जयपुर

विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे नौ लोगों की राजस्थान के झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। हादसे की चपेट में आए लोग विवाह समारोह में भाग लेकर भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की आयु 16 से 33 वर्ष थी। अकलेरा कस्बे में रविवार को एक साथ आठ शव यात्रा निकली। सभी जवान मौतों की शव यात्रा देख मौजूद सभी लोगों की आंखें नम थी। मृतक सभी वैन सवार मध्यप्रदेश के माचलपुर से शादी समारोह से अकलेरा लौट रहे थे। इसी दौरान भोपाल रोड पर पचोला के समीप एक बेकाबू डंपर ने वैन को टक्कर मार दी। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा के बागरी समाज के लोग शनिवार को अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में मध्य प्रदेश गए थे। इसी दौरान बारात से लौटते समय उनकी वैन तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गई।



### इन तीन भाई भी चल बसे

एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में 16 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय सोनू और 24 वर्षीय दीपक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये तीनों भाई थे। गंभीर रूप से घायल लोगों को बाहर निकालने के लिए बचावकर्मियों को कार का पिछला दरवाजा तोड़ना पड़ा। दुर्घनाग्रस्त कार में सवार पांच लोगों को एक निजी अस्पताल और चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### आठ का हुआ एक साथ अंतिम संस्कार

मृतक अशोक कुमार (24) पुत्र घनश्याम बागरी, रोहित (16) पुत्र नंदकिशोर बागरी, हेमराज (33) पुत्र बंशीलाल बागरी, सोनू (22) पुत्र भैरूलाल बागरी, दीपक (24) पुत्र जयलाल बागरी, रवि शंकर (25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित (22) पुत्र जगदीश बागरी निवासी अकलेरा का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, रामकृष्ण (20) उर्फ राजू पुत्र प्रेमचंद निवासी हरनावदा शाहजी भी अपने नाना के यहां अकलेरा में ही रहता था।

### युवाओं की मौत पर नम हुईं आंखें

अकलेरा कस्बे में बागरी समाज के सभी युवाओं की एक साथ शव यात्रा निकली। इस दौरान हर आंखें नम थीं। हर कोई घटना को लेकर स्तब्ध था। मृतकों में सारे 16-33 साल के युवा थे। ज्यादातर मजदूरी करते थे। घटना के बाद सांसद दुष्यंत सिंह, पूर्व विधायक कैलाश मीणा, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, एएसपी चिंरजीलाल सहित कई अधिकारी व कस्बे के लोग मौजूद रहे। श्मशान में जैसे ही चिताओं को मुखाग्नी दी तो हर किसी की आंखें नम नजर आ रही थी।

समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की तैयारी

# समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने 'पूर्वी लहर' अभ्यास

अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बल शामिल

## भारतीय वायुसेना ने किया अभ्यास का संचालन

## विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन किया गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दिशा में भारतीय नौसेना ने पूर्वी समुद्र तट पर 'पूर्वी लहर' अभ्यास का संचालन किया। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन नियंत्रण में यह अभ्यास किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों ने भाग लिया। एक्सपीओएल को कई चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें सामरिक चरण के दौरान वास्तविक परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण और हथियार चरण के दौरान लक्ष्य तक आयुध पहुंचाने की भारतीय नौसेना की क्षमता की पुष्टि के लिए विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन आदि शामिल थे।



### बलों ने मूल्यवान सबक सीखे

अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले बलों ने वास्तविक परिस्थितियों में मूल्यवान सबक सीखे, जिससे क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उनकी तैयारी और बेहतर हुई। एक्सपीओएल 2024 का सफल समापन, समुद्री क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प की पुष्टि करता है।

### संचालन पर रखी गई पूरी नजर

*विभिन्न स्थानों से विमानों के परिचालन के साथ, अभ्यास के पूरे क्षेत्र में निरंतर समुद्री क्षेत्र जागरूकता बनाए रखी गई। पूर्वी नौसेना कमान की परिसंपत्तियों के अलावा इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना, अंडमान और निकोबार कमान और तटरक्षक बल की परिसंपत्तियों को भी शामिल किया गया था, जो सेनाओं के बीच बहुत उच्च स्तर की अंतरसंचालनीयता का संकेत देती है।*

## जैकेट के शेष

### केंद्रीय विद्यालयों में...

समिति के नियम यहां लागू होते हैं। मौसम जनित आपदा अथवा अन्य आपातकालीन संकट उत्पन्न होने की स्थिति में ही यहां राज्यों द्वारा घोषित अवकाश दिया जाता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश का जिक्र किया गया है, इसलिए यहां कक्षाएं यथावत चलती रहेंगी। केंद्रीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 मई से 20 जून तक निर्धारित है।

### छत्तीसगढ़ में गरजे...

कहा कि ऊर्जा नगरी के विकास के लिए कोरबा में सरोज पांडे जैसी शिक्षित और तेजतर्रार प्रत्याशी को जिताना जरूरी है। श्री योगी ने कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। महिलाएं सुरक्षित हैं। विकास के नए-नए कार्य हो रहे हैं। यह सब मोदी जी की देन है। नया भारत जो देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है। आज देश में हर घर नल जल, हर घर शौचालय, स्टेट हाईवे, राष्ट्रीय राजमार्ग,एम्स हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में गरीबों को अनाज नहीं मिल पाता था।युवा रोजगार के लिए पलायन करते थे। बेटियां सुरक्षित नहीं थी। अब समय बदल गया है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। मोदी जी देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त में 5 किलो चावल दे रहे हैं।

### कांग्रेस समस्या है, भाजपा...

वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया, क्या यह काम कांग्रेस कर पाती। कांग्रेस ने तो राम के नाम को ही नकार दिया था। राम हैं ही नहीं, कृष्ण हुए ही नहीं, इससे बड़ा अपमान भारत की सनातन आस्था का दूसरा हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस के लोग हमारी विरासत पर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। छग के कण-कण में राम की स्मृतियां जुड़ी हुई है और कांग्रेस के लोग कहते हैं कि राम हुए ही नहीं और अयोध्या में राम मंदिर बन गया तो कांग्रेस के लोग ही कहते हैं कि राम तो सबके हैं। यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। इसको समझाने की आवश्यकता है। 1952 में ऐसे ही संविधान में धारा 370 कश्मीर के लिए विशेष धारा जोड़ा गया, जिसके खिलाफ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन छेड़ा और अपना बलिदान कर दिया। 65 वर्ष तक कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाए और जब मोदी जी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृहमंत्री बनकर आए तब कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई।

### दूसरों को ऊर्जा देने...

बढ़ाने का काम किया है। लोककल्याणकारी योजनाएं चलाई। कोरबा की जनता भाजपा को विजयी बनाएगी मेरा विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प पत्र में झुग्गी झोपड़ी की जगह पक्का मकान देने की गारंटी दी है। आज कोरबा में विकास शून्य है। ऊर्जा नगरी जो दूसरों को ऊर्जा देती है खुद अंधेरे में है। यहां की कांग्रेस सांसद ने खुद एक इंटरव्यू में कहा था कि कांग्रेस पार्टी में भ्रष्टाचार है। उनके कार्यकाल के समय के दो कलेक्टर भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। हमें भी कोरबा लोकसभा क्षेत्र में को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भाजपा को जिताना हैं।

### विपक्षी दलों के नेताओं...

एक बड़ी समस्या है। हथौद में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी बिरेश ठाकुर के पक्ष में प्रचार करने प्रियंका गांधी पहुंची हुई थीं। यहां उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील की। प्रियंका गांधी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि मैं चाहती हूं कि चुनाव के मौके पर आप दो बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों को अपने मन में रखें कि देश कैसे चल रहा है? आगे चलकर देश का क्या होगा? भविष्य हमारा कैसा लग रहा है और दूसरा कि आपकी रोजाना की जिंदगी में आपके जो संघर्ष है, उसकी कोई सुनवाई है या नहीं है। यह दो बड़े मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई पिछले 10 सालों में हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, यह आपकी एक बड़ी समस्या है, 45 सालों में आज देश में बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि चाहे कितना भी आप अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराओ, आपको यह गारंटी नहीं मिल सकती कि पढ़ने लिखने के बावजूद उसको रोजगार मिलेगा कि नहीं मिलेगा।

### भूपेश पर नए-नए...

हो जाएंगे तो उनके सारे मामले समाप्त हो जाएंगे। प्रियंका ने देश में बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए कहा कि मोदीजी को भाजपा के लोग विश्व का सबसे ताकतवार नेता बताते हैं, लेकिन यह नेता अपने देश की बेरोजगारी और महंगाई को कम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस समय देश में सिर्फ पीएम मोदी के दोस्त ही बढ़ रहे है, भाजपा की केंद्र सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए कर्ज माफ करती है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जाता।

### भूपेश ने गिनाई...

सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति 7 किलो और गरीब परिवारों को 35 किलो चावल दिया जा रहा था, लेकिन भाजपा की सरकार आते ही चावल और नमक की कटौती की और अब मिट्टी तेल सूंघने के लिए भी नहीं मिल रहा है। वहीं साय की सरकार कांग्रेस सरकार की गौठान योजना, युवा मितान, बेरोजगारी भत्ता जैसे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर रही है जिससे आमजनता को बहुत ही ज्यादा नुकसान हो रहा है।

### शराब मामले में पूर्व...

ईडी तथा बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व आईएएस को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। अनिल टूटेजा को सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले की जांच राज्य की एजेंसी के अलावा ईडी भी कर रही है। इसी कड़ी में अनिल टूटेजा तथा उनके बेटे यश को ईओडब्ल्यू ने शनिवार को पूछताछ करने अपने कार्यालय तलब किया था। शाम 5 बजे अनिल टूटेजा तथा उनका बेटा ईओडब्ल्यू के ऑफिस से निकले, उसके बाद ईडी के अफसरों ने दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया और पुजारी पार्क स्थित ईडी के सब जोनल कार्यालय में पूछताछ करने ले आए। लंबी पूछताछ के बाद ईडी के अफसरों ने यश टूटेजा को देर रात छोड़ दिया। साथ ही उसे पूछताछ करने बुलाए जाने पर आने के लिए कहा।

### बीमारी का हवाला...

ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कोर्ट को बताया कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने नई ईसीआईआर दर्ज की है। उसी प्रकरण में अनिल टूटेजा को गिरफ्तार किया गया है। बचाव पक्ष के वकील ने अनिल टूटेजा के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि अनिल की तबीयत खराब है। इस वजह से उन्हें घर का खाना उपलब्ध कराया जाए। साथ ही अनिल को उनकी जरूरी दवाएं उपलब्ध कराने तथा रात में पूछताछ नहीं किए जाने की मांग की गई।

### 4-वर्षीय स्नातक डिग्री...

पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। कुमार ने बताया, चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।

# राइस मिल में भीषण आग, आग बुझाने में लगी तीन जिलों की 6 दमकल वाहन

ककना स्थित शांति राइस मिल का मामला, लाखों के नुकसान का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

रविवार की दोपहर ककना स्थित राइस मिल में भीषण आग लग गई। चावल व धान के गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके साथ ही दमकल की टीम को सूचना दी गई। सूचना के बाद अंबिकापुर से 4 व बलरामपुर एवं सूरजपुर से 1-1 से एक दमकल वाहन मौके पर पहुंची और दमकल विभाग द्वारा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। घंटों मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य जारी था। इस घटना में संचालक को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है जबकि शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ककना में अंबिकापुर निवासी योगेश अग्रवाल की शांति राइस मिल संचालित है। राइस मिल में भारी मात्रा में धान व चावल का भण्डारण किया गया है। रविवार की दोपहर राइस मिल के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने इसकी जानकारी संचालक को दी जिसके बाद संचालक ने तत्काल पुलिस व एसडीएम को मामले की जानकारी देकर मदद मांगी। सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, चौकी प्रभारी सुभाष कुजूर मौके पर पहुंचे इसके साथ ही दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर अंबिकापुर से कमांडेंट एसके कठोतिया के नेतृत्व में दमकल की दो वाहनें ककना पहुंची जबकि एक दमकल वाहन बलरामपुर से मंगवाया गया। दमकल विभाग द्वारा आग आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग इतना विकराल रूप ले चुकी थी कि दमकल की टीम को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर कम नहीं होने पर अंबिकापुर के साथ ही सूरजपुर से भी दमकल की और गाड़ियां मंगवाई गई।

### परिसर में बोर नहीं, अग्निशमन यंत्र भी नहीं

बताया जा रहा है कि जिस राइस मिल में आग लगी वहां आग से बचाव के लिए किसी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए थे। राइस मिल में आग लगने पर तात्कालिक रूप से आग बुझाने में अहम योगदान देने वाले उपकरण नहीं थे इसके साथ ही परिसर में बोर भी नहीं था। पास से पेट्रोल पम्प से अग्निशमन यंत्र लाकर आग बुझाया जा रहा था इसके साथ ही पानी के लिए बार बार दमकल की वाहनों को दूर जाना पड़ रहा था और इसी वजह से आग बुझाने में देरी हो रही थी। कमांडेंट श्री कठोतिया ने बताया कि राइस मिल में अग्निशमन यंत्र नहीं थे और बोर की व्यवस्था नहीं होने के कारण आग बुझाने में ज्यादा समय लग रहा है।

## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ अहम, तीन...

ठहरे हैं। यहां छत्तीसगढ़ के चुनाव के लिए बची 10 सीटों पर मंथन किया गया है। एक सीट पर मतदान हो चुका है। भाजपा का छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतने पर बड़ा फोकस है। ऐसे में यहां पर लगातार भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा तय किया गया है। दूसरे चरण के साथ तीसरे चरण के लिए भी भाजपा ने अभी से पूरी ताकत झोंक दी है।

### नड्डा की आज तीन...

डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव मौजूद रहेंगे, वहीं हर लोकसभा की सभा में वहां के प्रत्याशी, विधानसभाओं के विधायक और प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### पुलिस के हत्थे चढ़ी मुठभेड़...

अस्पताल में जारी है। ओडिशा की नबरंगपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नबरंगपुर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान महिला नक्सली को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिला नक्सली से जब पूछताछ हुई तो उसने अपना नाम मैंगो नुरेटी बताया। महिला नक्सली से पूछताछ के बाद उसे धमतरी पुलिस को सौंप दिया गया है। पकड़ी गई मैंगो नुरेटी 12 अप्रैल को धमतरी के बोराई के जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल थी। मुठभेड़ में वह घायल हो गई और बाकी साथियों के साथ भाग निकली। घायल होने के कारण वह ज्यादा दूर नहीं जा पाई और ओडिशा में एक घर में पनाह लेकर रह रही थी। सर्च आपरेशन के दौरान मिली सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### एक लाख का इनामी...

क्षेत्रांतर्गत केशकुतुल-केशामुण्डी के जंगलों में डिवीजन सप्लाई टीम कमाण्डर कवासी पण्डरू एवं अन्य 15-20 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर 20 अप्रैल को डीआरजी बीजापुर टीम अभियान पर रवाना हुई थी। 21 अप्रैल को सुबह लगभग 5.30 बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की पहचान जनताना सरकार अध्यक्ष गुडडी कवासी पिता आयतु (34), निवासी कोटमेटा थाना जांगला के रूप में हुई। हत्या और आईईडी ब्लास्ट के कई मामलों में शामिल नक्सली पर 1 लाख का इनाम घोषित था।

### बस पलटी, चुनाव ड्यूटी...

समय हादसा हुआ, उस दौरान बस में 30 से अधिक जवान सवार थे। घटना की जानकारी लगते ही चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मेकाज पहुंचकर सभी घायल जवानों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और डाक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित सेकंड बटालियन सशस्त्र बल के जवानों की चुनाव ड्यूटी दंतेवाड़ा के फरसपाल में लगी थी। रविवार को सभी बस में सवार होकर अगले चरण की ड्यूटी करने फरसपाल से गरियाबंद के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान पाराकोट के करीब अचानक बैल के आ जाने से उसे बचाने के दौरान चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और वह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पलट गई। बस में 30 से अधिक जवान सवार थे घायल जवानों को बस के पीछे का शीशा तोड़कर निकाला गया।

### चुनाव में लगी थी...

बलबीर सिंह, रामसेवक, राजेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, रामसेवक सिंह, प्रभुदयाल व छुटकन सिंह को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

### भाजपा महासचिवों ने लिखा...

मांग की है। इधर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का कहना है, भाजपा को इलेक्ट्रोरल बांड और अन्य मामलों में चुप्पी तोड़ने पत्र लखना चाहिए। भाजपा नेताओं ने अपने पत्र में लिखा है- आपके शासनकाल में आपकी उप सचिव रही सौम्या चैरसिया पिछले 16 माह से गिरफ्तार हैं और न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका 16 अप्रैल, 2024 को एक बार फिर खारिज कर दी है। आपके मुख्यमंत्री रहते सौम्या चैरसिया आपकी उप सचिव थीं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार की गई है, ऐसे में अब आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनता के इस मुद्दे को लेकर उठ रहे सवालों को जवाब दें।

### सस्ता प्रचार पाने...

तो इलेक्ट्रोरल बांड पर मिले चंदे के मामले में चुप्पी कब तोड़ना है, यह पूछना चाहिए। अडानी की सेल कंपनियों में लगे 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं, इस पर तोड़ने पत्र लिखना चाहिए।

1 की मौत, 7 लापता, बचाव कार्य जारी

# प्रशांत महासागर में ट्रेनिंग के दौरान जापान के 2 हेलीकॉप्टर हुए क्रैश

एजेंसी ▶▶ टोक्यो


टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में क्रू मेंबर के 8 सदस्यों को ले जा रहे जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर रात के समय हादसे के शिकार हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग लापता हैं। ये हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर थे और संभवतः एक-दूसरे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के एक सदस्य का शव पानी से बरामद किया गया। रक्षा मंत्री माइनोरू किहारा ने बताया कि मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के दो एसएच-60के हेलिकॉप्टर चार-चार चालक दल लेकर जा रहे थे और शनिवार देर रात टोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर (370 मील) दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनका संपर्क टूट गया।



### खोज के लिए 8 युद्धपोत और 5 विमान तैनात

दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चला है, लेकिन पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले दोनों हेलीकॉप्टर एक-दूसरे से टकराए होंगे। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टरों के टुकड़े बरामद किए हैं।

## राशिफल


**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।


**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।


**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5489



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5488 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5500

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5499 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |


MARUTI SUZUKI ARENA
SWIFT
LIMITLESS THRILL
STUNNING LOOKS
BE LIMITLESS
नेक्स्ट-जेन K-सीरीज़ इंजन के साथ
स्मार्टप्ले स्टूडियो
क्रूज़ कंट्रोल
ऑटो गियर शिफ्ट
₹43 100*
तक की बचत
EMI STARTING FROM
₹1582^
PER LAKH
100%^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
SWIFT
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33.
KAWARDHA :7222910044.
BEMETERA: 7222910025.
BALOD: 7222910012.
DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH: 8839811678.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047.
BASNA: 6262620031.
ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005.
BAGBAHRA : 7909800034.
KURUD: 7909800050.
SIMGA: 7909800070.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Terms and conditions apply. ^100% on-road funding is provided by select financiers only. #Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above shown offers are valid for limited period on selected models and in select states only. Offer valid till 30th April, 2024 or till stocks last, whichever is earlier.

## फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंध!

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका उठाएगा सख्त कदम, नेतन्याहू हुए आगबबूला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

*इजराइली सेना की बेहद कट्टर सैनिकों की यूनिट नेतज़ाह येहुदा के खिलाफ अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है।*

- इजराइल बोला-यह 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' है
- नेतज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे
- इजराइली सेना की टुकड़ी का नाम 'नेतज़ाह येहुदा बटालियन' है

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब खबर है कि अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) की एक यूनिट पर प्रतिबंधों की घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। इजराइली सेना की इस टुकड़ी का नाम नेतज़ाह येहुदा बटालियन है।

### हथियारों पर रोक...

लीही कानूनों के तहत, नेतज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे या अमेरिकी फंडिंग के साथ किसी भी गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंधों से बटालियन को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण पर भी रोक लग जाएगी। नेत्जाह येहुदा दक्षिणपंथी उग्रवाद और फ़िलिस्तीनियों के ख़िलाफ़ हिंसा को लेकर पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी रही है। इसमें 78 साल के फ़िलिस्तीनी-अमेरिकी नागरिक उमर असद की मौत भी शामिल है, जिनकी बटालियन के सैनिकों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मौत हो गई थी।



### इजराइल ने की अमेरिका की निंदा

अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है। नेतन्याहू ने ट्वीट किया कि इजराइल रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए! इसमें वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत भी शामिल है। 'ऐसे समय में जब हमारे सैनिक आतंक के राक्षसों से लड़ रहे हैं, आईडीएफ की एक इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा ठीक नहीं है।

### यह पैदल सैनिकों की टुकड़ी है

बता दें कि नेतज़ाह येहुदा, बेहद कट्टर पैदल सैनिकों की टुकड़ी है। इसमें केवल ऐसे ही सैनिक शामिल होते हैं जो अपनी मान्यताओं से समझौता किए बिना स्वतंत्र रूप से फोर्स की सेवा कर सकते हैं। इन सैनिकों को महिला सैनिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति नहीं है और उन्हें धार्मिक अध्ययन एवं प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है। दिसंबर 2022 में इज़रायल ने इस यूनिट को वेस्ट बैंक से बाहर ट्रांसफर कर दिया था और तब से यह ज्यादातर देश के उत्तरी हिस्सों में सेवा दे रहा है। हालांकि, यहूदी राज्य ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि सैनिकों के आचरण के कारण बटालियन को स्थानांतरित कर दिया गया था।

### युद्ध की कगार से पीछे हटते नजर आ रहे ईरान और इजराइल

ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के अब कम होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका ने आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम सहित इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी। ऐसे में ईरान और इजराइल संघर्ष की कगार से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इजराइल की कथित जवाबी कार्रवाई को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा कि यह इजराइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है।

दुनियाभर में बढ़ जाएगी कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें

## अगर ईरान ने रोका 40 किमी चौड़ा रास्ता तो तेल को तरसेगी दुनिया

**भारत को भी लगेगा झटका, 90 डॉलर पर पहुंचे दाम**



एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।

### क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य?

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच 40 किमी चौड़ी समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

पति नहीं बना पा रहा था रिलेशन

## शादी के 17 दिन बाद ही अलग हो गया कपल

### हाईकोर्ट ने दी अनुमति

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपती की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की 'रिलेटिव इंपोटेंसी' के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपती की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है, लेकिन दूसरे व्यक्तियों के साथ वह यौन संबंध बनाने में सक्षम होता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति होती है। न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। हाईकोर्ट ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' एक जानी-पहचानी स्थिति है और यह सामान्य नपुंसकता से अलग है। अदालत ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं।

### सूरतः कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज

**सूरत।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। दरअसल उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है। मुख्य विपक्षी दल शहर में चुनावी मुकाबले से बाहर हो गया है। निर्वाचन अधिकारी ने अपने आदेश में कहा कि कुम्भणी और पडसाला द्वारा सौंपे गए नामांकन पत्रों में प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया गलतियां पाई गईं।

### मणिपुर में 11 बूथों पर आज दोबारा वोटिंग

**नई दिल्ली।** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान सेंटरों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग की जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया। इन बूथों पर बीते 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग के दौरान आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। इसमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, खोंगमान जोन, इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई आदि शामिल हैं।

जानलेवा है फूड पॉयजनिंग

## एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत



■ खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था

एजेंसी ▶▶ पटियाला

पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब, हाल ही में एक और ऐसा दुखद मामला सामने आया है। पटियाला में ही एक अन्य डेढ़ साल की बच्ची की चॉकलेट खाने से मौत की खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि चॉकलेट एक्सपायर हो चुकी थी। बच्ची के परिवार का कहना है कि चॉकलेट का एक टुकड़ा खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था। इसके बाद आनन-फानन में उसे क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दुनिया को अलविदा कह दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में हर साल खराब खानपान के चलते फूड पॉइजनिंग से 60 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं। इन 60 करोड़ में से हर साल करीब 4 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल
SACHDEVA NEW PT. COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
DROPPER
CRASH
NEET
CUET
PET/PAT
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
BEST RESULTS
BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

Appointment
आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, वेतन 12000 से 19000 तक (PF+ ESI+Bonus+ रहना फ्री) मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क करें:- शिव सिक्योरिटी सर्विस, शॉप नंबर 28, प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल 07714036689, 8120957510, 9770304037.(RO-1186)

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

आवश्यकता है- तत्काल सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। PF, ESIC की सुविधा, रहने की व्यवस्था कम्पनी द्वारा सम्पर्क करें- रेजिट सिक्युरिटी एण्ड कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड शंकर नगर रायपुर 9165931618.(RO-BSP)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- एरिया ऑफिसर, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, वेतन 13500/- से 20000/- तक (PF+ ESIC+ Room) संपर्क पता:- फ्लाइंग ग्रुप सिक्योरिटी सर्विसेज अवधपुरी भाठागांव रायपुर मोबाइल:- 9826133839, 9685671717, 9755784756.(RO-2669)

डिजाइनर/बैकऑफिस

आवश्यकता है- एम.जे. मार्केटिंग को आवश्यकता है- ग्राफिक्स डिजाइनर-1, सुपरवाईजर -5, बैकआफिस-3, डिलीवरी बॉय -20 रहने की सुविधा उपलब्ध है। पता- जीत कोल्ड स्टोर के पास, दुर्गा पेट्रोल पम्प के पीछे गोंदवारा, रायपुर (C.G.) संपर्क हेतु- 07748084442, 7999826631, 7509865451.(RO-2676)

टीचर

आवश्यकता है- अंग्रेजी, विज्ञान समूह (गणित/बायो) कॉमर्स, संस्कृत, आर्ट्स शिक्षक/ शिक्षिका हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । साक्षात्कार 28/04/24 (रविवार) को प्रातः 8:30 से 10:30 संपर्क नूतन उच्च माध्यमिक शाला, आरडीए कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मोबाइल 9009088455, 6260449398 कार्यालय में जमा करें।(RO-1197)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

वेल्डर/हेल्पर

आवश्यकता है- वैल्डर वा हेल्पर की परमानेंट नौकरी के लिए और काम सीखने के लिए संपर्क करे गौरव इंजीनियरिंग वर्क्स, धमधा रोड बायपास के नजदीक,दुर्ग no. 91799-56608.(आरो न.-1075)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब स्मृति चिकित्सालय, कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा, बलौदा बाजार, (छ.ग.) अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है:- नर्स, ओटी नर्स, लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, नेत्र जांच टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, वार्डबॉय। आवास निशुल्क। संपर्क करें:- 9977977214.(RO-2683)

आवश्यकता है- नर्सिंग होम मे कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम एवं आया की आवश्यकता है। संपर्क करें समय 10 से 5 तक केजीएन नर्सिंग होम फब्बारा चौक बैरनबाजार रायपुर 9425502209, 9893042209 (RO-1194)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6, सर्विस टेक्निशियन 2, tally caller 2 [anubhav avashyak nahi] संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2685)

गोडाऊन/ड्रायवर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.(RO-39)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.-98266-84859, 81093-02808.(आरो न.-6068)

आवश्यकता है- रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित संपर्क करें - प्रिया ड्रेसेज, चिकनी मंदिर के पास, रायपुर मो 8839050010.(RO-4305)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-39)

इलेक्ट्रिशियन

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने हेतु अनुभवी एवं मेहनती लड़के की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर फोन 7024177554. 8120747449.(RO-951)

देखरेख

आवश्यकता है- नंदनवन हथबंध रोड स्थित फार्म हाउस देखरेख हेतु मेहनती युवक परिवार वाला चाहिए। सम्पर्क करें: मो. नं. 8109411676, 6263558400.(RO-7470)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी 12000/- रेती गिट्टी में ट्रैक्टर ट्राली चलाने हेतु आठवीं दसवीं पास को मान्यता मोबाइल नंबर 9329847040.(RO-507)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री सम्पर्क करें- 6264375417, 6266408332.(RO-33831)

सुपरवाइजर

आवश्यकता है- प्लांट सुपरवाइजर एवं मार्केटर की आवश्यकता है कविता पालीमर्स, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग. मो नं. 9425202114.(RO-1453)

ड्रायवर/हेल्पर

आवश्यकता है- बिस्कुट एजेंसी में कार्य करने हेतु ड्राइवर(टाटा एस) एवं हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें (केवल भिलाई & दुर्ग)के लिए- 88394-12038.(आरो न.-456)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मार्केटिंग

आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रॉपर्टी की मार्केटिंग के लिए लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन + कमीशन के साथ योग्यता 12वीं पास इंटरव्यू -दिनांक 21/4/24 को सुबह 10से 12बजे तक संपर्क- 4th फ्लोर, चौहानपार्क व्यू जूनवानी रोड, भिलाई (छ.ग.) चौहान ग्रुप संपर्क - mo-79995-39844, 93004-08631, 94241-36179.(आरो न.-6329)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-2675)

खाना मिस्त्री

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812.(RO-BSP)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

दुकान/गोदाम कार्य

आवश्यकता है- दुकान एवं गोदाम में कार्य करने हेतु 4 लड़कों की आवश्यकता है. वेतन- 10000 मासिक. संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र, 124, एसके प्लाजा कॉम्पलेक्स, LBG गैरेज के पास बॉम्बे मार्केट, रायपुर. (RO-1611)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है। पेमेंट 8000/- से 15000/- तक, माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में पश्चिम वाले को प्राथमिकता संपर्क :-सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक। 9893994319. (RO-1449)

टेलर

आवश्यकता है- एक अनुभवी लेडीस गारमेंट्स टेलर और कटिंग मास्टर की आवश्यकता है वेतन 15000 से शुरू सम्पर्क करें- 8200827236, 9827198700.(RO-BSP)

अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420183092.(RO-100)

Property
प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - रायपुर विकास नगर गुढ़ियारी में 3000 वर्ग फीट आवासीय डायवर्टेड प्लांट बेचना है। संपर्क करें मोबाइल- 9039182120, 8085986891.(RO-953)

प्लॉट बेचना है - शिवनाथ नदी से लगा बेलोदी में फार्म हाउस के लिये उपयुक्त एवं खोपली रोड उतई में फ्रेश कटिंग प्लाट उपलब्ध है। सम्पर्क - 90987-02896.(आरो न.-SPD/774)

मकान

मकान बेचना है- चांगोराभाटा मे 750 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एवं रायपुरा सत्यम विहार कॉलोनी 1100 फुट प्लॉट बेचना है संपर्क:- 9300505421, 9993451070.(RO-2679)

भूमि

भूमि बेचना है- दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे के नज़दीक बिरेझर में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. प्लॉट मात्र 111/- फीट में उपलब्ध है। मो. न. 99931-35732. (आरो न.-455)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Astrology
ज्योतिष

ज्योतिष - नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119. (RO-12599)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, ती मार्ट के सामने, बस स्टैंड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

हर्पिस रोग एक लाईलाज बीमारी
इस समय सभी उम्र के स्त्री पुरुषो में एक न्यूरोट्रापिक हर्पिस वायरस देखे जा रहे है, रोग अधिक बढ़ जाये तो यह शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा अपंग या सून्न कर देता है। इसे कोई साधारण गोली दवा मोबाइल इत्यादि देख कर डॉ. के बिना खुद ईलाज ना करें। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है। अतः खुन से हर्पिस रोग की जाँच कराये समझ मे ना आये तो तुरंत संपर्क करे। इसकी स्थायी चिकित्सा केवल रस रसायन मे ही है। अंग्रेजी दवा से यह ठीक नहीं हो सकता।
यौन समस्या :
इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, । 9425555659, 9617789223, 9303948500,, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# 'कल्कि 2898 एडी' से अमिताभ का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। उत्साह को बढ़ाते हुए 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है।

लाइफ Style



# ममता
## टॉपलेस फोटोशूट से चर्चा में आ गईं

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी 52 वर्ष की हो गईं। मुंबई में 20 अप्रैल, 1972 को जन्मीं ममता कुलकणी ने वर्ष 1991 में तमिल फिल्म ननबरगल से अपने सिने करियर की शुरुआत की।

ममता कुलकर्णी की मां ने एक अखबार में मॉडलिंग एजेंसी का ऐड देखा। ममता को लेकर उनकी मां ऐड एजेंसी के दफ्तर गईं। बाद में ममता कुलकर्णी ने मॉडलिंग में खूब नाम कमाया। ममता कुलकर्णी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म तिरंगा से की। राजकुमार और नाना पाटेकर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में ममता कुलकणी ने छोटी सी भूमिका निभाई थी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'मेरा दिल तेरे लिए' में काम किया, लेकिन अपनी पहचान नहीं बना सकी। 1993 में स्टारडस्ट मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाकर ममता कुलकर्णी चर्चा में आ गई थीं। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'आशिक आवारा' ममता कुलकर्णी के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी की जोड़ी सैफ अली खान के साथ काफी पसंद की गयी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'वक्त हमारा है' और 'क्रांतिवीर' जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया। वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'करण-अर्जुन' ममता कुलकर्णी के करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी ने सलमान खान के अपोजिट काम किया।

हॉलीवुड मसाला




# ...अब थोड़ा बहुत पीना कर दिया शुरू

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। बता दें एक्ट्रेस ने बताया है कि वह अब कॉफी और शराब दोनों का सेवन करती हैं। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें कि रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।



# 'आयरन मैन' को 6 साल की उम्र में लगी थी ड्रग्स की लत

**लॉस एंजिलस।** मारवल के सुपरहीरो 'आयरन मैन' की दीवानगी पूरी दुनिया में है। जब आयरन मैन की मौत को 'एवेंजर्स एंडगेम' में स्क्रीन पर दिखाया गया तो सिनेमाहॉल में सिसकियां गूंजने लगी थीं। बीते 20 सालों से 'आयरन मैन' का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर भी लोगों के काफी चहेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं रॉबर्ट को महज 6 साल की उम्र में ड्रग्स की लत हो गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि उनके पिता थे। सालों बाद एक्टर के पिता ने अपनी इस हरकत पर अफसोस जताया। दरअसल, रॉबर्ट डाउनी जूनियर का अपने पिता रॉबर्ट डाउनी सीनियर के साथ करीबी रिश्ता था। हालांकि दुर्भाग्य से बचपन से ही उनके बेटे पर उनका बुरा प्रभाव पड़ा। ऐसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, गोल्डन ग्लोब विजेता अभिनेता ने 'सीनियर' नामक एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने फिल्म निर्माता पिता और अपने निराशाजनक पालन-पोषण में अपने पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला है।



# 'सिंघम अगेन' में जबरदस्त एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं।




# नए संसद भवन का किया दौरा...

**नई दिल्ली।** अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना ने 16 अप्रैल को चुनाव से पहले नए संसद भवन का दौरा किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की हैं। इसके साथ अभिनेता ने खूबसूरत नोट लिखा है। आयुष्मान ने लिखा, 'नए संसद भवन का दौरा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस अविश्वसनीय चमत्कार को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारे चमकदार लोकतंत्र, हमारी विरासत और संस्कृति को उसकी महिमा में दर्शाता है। वार्नर म्यूजिक इंडिया से आयुष्मान ने मिलाया हाथ बता दें कि आयुष्मान ने हाल ही में उन्होंने देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिला लिया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।

पतंजलि आयुर्वेद माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पूर्ण सम्मान करता है। हमारे अधिवक्ता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सामने स्टेटमेंट करने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशन करने में और प्रेस वार्ता करने में जो भूल हुई उसके लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं और हमारी प्रतिबद्धता है कि इस भूल की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।
हम आपको पुनः विश्वास दिलवाते है कि संविधान और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध रहेंगे।

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
हरिद्वार, उत्तराखंड।

# 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' जारी, जुबिन और तुलसी ने लगाए सुर



**मुंबई।** मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म पहले आगामी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो चुका है। श्लोक लाल ने लिखे हैं गाने के बोल 'तू मिल गया' को जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने मिलकर अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल श्लोक लाल ने लिखे हैं।'

## 'खलनायक-2' की स्क्रिप्टिंग पूरी, बल्लू का रोल निभाने अभिनेता की तलाश

**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म खलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी हो गयी है। इन्होंने ही करीब तीन दशक पहले संजय दत्त के साथ खलनायक बनाई थी। वे बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

# होने वाले पति ने आरती को दिया हल्दी पर सरप्राइज नाचने लगीं गोविंदा की भांजी

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वो अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उनका परिवार भी उनकी शादी को लेकर उत्साहित है। एक्ट्रेस अपनी शादी से जुड़ी हर छोड़ी-बड़ी बात अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। आज आरकी सिंह की हल्दी रखी गई और इस खास मौके पर उन्हें खास सरप्राइज भी मिला, जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो में खूब ठुमके लगाती दिख रही हैं। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



***कौन हैं आरती सिंह के होने वाले पति :*** आरती सिंह ने अपनी शादी का ऐलान करने के बाद भी अपने होने वाले पति का चेहरा छिपाकर रखा था। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद फैंस को उनकी झलक दिखाई लेकिन इसमें उनका चेहरा देखने को नहीं मिला। काफी वक्त के बाद उन्होंने उनका चेहरा उजागर किया और नाम भी लोगों से शेयर किया। एक्ट्रेस के होने वाले पति का नाम दीपक चौहान है। दीपिक चौहान को फिल्म स्टार नहीं है, वो एक बिजनेसमैन हैं।

***आरती का है इन सितारों से रिश्ता :*** बता दें, आरती सिंह गोविंदा की भांजी। वो कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की सगी बहन यानी एक्ट्रेस कश्मीरा शाह रिश्ते में उनकी भाभी हैं। कृष्णा अभिषेक ने ही पहली बार उनकी शादी की जानकारी लोगों को दी थी। आरती खुद भी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। उन्हें असली पहचान टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से मिली, वही सीजन जिसे सिद्धार्थ शुक्ला ने जीता था। इस शो में उनकी सिद्धार्थ के साथ खास दोस्ती भी देखने को मिली। इसके अलावा एक्ट्रेस कई टीवी शोज में भी नजर आया करती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपनी शादी से लेकर लाइफ की हर छोटी-बड़ी अपडेट शेयर करती रहती हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
(राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन)
मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी
मधुमेह हृदय से संबंधित रोग
ब्लड प्रेशर से संबंधित
थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

## मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

## विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

## पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई संसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी।

## ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है। मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,775 करोड़ रुपये में 228 घर बेचे।

## अमारा राजा को आंध्र में मिली सौर परियोजना



**नई दिल्ली।** अमारा राजा इन्फ्रा प्राइवेट लि. (एआरआईपीएल) को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना के साथ बीते वित्त वर्ष के अंत में अमारा राजा इंफ्रा (एआरआईपीएल) के पास कुल 1,516 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आ गई हैं। इसमें कहा गया है, 'एआरआईपीएल ने ग्रीनको से 500 मेगावाट/700 मेगावाट पीक की सौर बीओएस परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'

# सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

**ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी**

### भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।



### एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

### केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

### 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़ा

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।*

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।



- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

### व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

### शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

### सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक



इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

*अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा*

*: बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए




वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद : हुंडई



- अनुकूल मानसून की उम्मीद से ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होगी
- कंपनी क्रेटा व वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंडई की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी।

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है।

### सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज

गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की कुल बिक्री में ग्रामीण बिक्री 19 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी। हुंडई मोटर इंडिया ने 2023-24 में अब तक की सर्वाधिक 7,77,876 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 से आठ प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 6,14,721 वाहनों की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की।

# एप्पल तीन साल में पांच लाख लोगों को देश में देगा रोजगार



- सरकार से जुड़े सूत्रों ने ये बात कही
- फिलहाल देश में डेढ़ लाख लोगों को अभी मिला है रोजगार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है।

फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है।

एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।'इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया।एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है।

### पहली बार एप्पल सबसे आगे रही

बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

**इंटरग्लोब व आर्चर एयर टैक्सी सेवा शुरू करेगी...**



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग'' (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी।

# यूएसएफडीए ने की खामियों के लिए नैटको फार्मा की खिंचाई

- उपकरणों को कीटाणुरहित करने में कंपनी विफल रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे गए चेतावनी पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं। यूएसएफडीए ने नौ से 18 अक्टूबर, 2023 तक संयंत्र का निरीक्षण किया था।



अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि कंपनी दवा की प्रकृति के अनुसार साफ-सफाई, रखरखाव और उचित अंतराल पर उपकरण और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। इस संबंध में कंपनी से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए शीर्ष प्राथमिकता लागत और गति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल की अंतिम मील तक आपूर्ति और क्षेत्र की वृद्धि के लिए लागत और गति अब लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में लगी कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

लास्ट-माइल ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी। 'अंतिम छोर तक आपूर्ति में अब सर्वोच्च प्राथमिकता लागत और गति है। इसकी सुई लागत और संतुष्टि से लागत और गति पर स्थानांतरित हो गई है।' रिपोर्ट का अनावरण इस सप्ताह माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से प्रौद्योगिकी मंच फारआई द्वारा आयोजित 'द लास्ट माइल लीडर्स इवेंट' के दौरान किया गया। फारआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुशल नाहटा ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर स्वायत्त ड्रोन 30 प्रतिशत शहरी आपूर्ति को संभाल लेंगे, जिससे आपूर्ति का समय और लागत नाटकीय रूप से कम हो जाएगी।




- लास्ट-माइल ट्रेंड्स ने जारी की रिपोर्ट
- पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी

### सामान की आपूर्ति उसी दिन

यह रिपोर्ट पांच महाद्वीपों के 300 से अधिक दिग्गजों के विचारों पर आधारित थी। ये दिग्गज 100 अरब डॉलर से अधिक संयुक्त राजस्व वाली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, 300 प्रतिभागियों में से आधे से अधिक ने कहा कि वे सामान की आपूर्ति उसी दिन/अगले दिन करते हैं।

# तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल बाजार की दिशा प्रभावित करेगी

ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा।

विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 372.4 अंक या 1.65 प्रतिशत टूट गया।

### अमेरिकी विनिर्माण व पीएमआई के आएगें आंकड़े

खेमका ने कहा कि निवेशक अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका की पहली तिमाही के जीडीपी और जापान की मौद्रिक नीति पर भी नजर रखेंगे।

## शीर्ष तीन आईटी कंपनियों में 64,000 कर्मचारी घटे

**बेंगलुरु।** देश की तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं। खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं। विप्रो ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के दौरान कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी।

**फोनपे और गूगल पे पर गिरेगी गाज**

# बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे।

- सरकार ने 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी

### एक कंपनी की बादशाहत से ग्राहकों को नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।



### वर्चस्व नहीं चाहता एनपीसीआई

एनपीसीआई देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन का रेगुलेटर है। सूत्रों के अनुसार, एनपीसीआई जल्द ही नए नियम को लागू करने के लिए विस्तार से सारे नियम लाने वाला है। वह नहीं चाहता कि किसी भी एक कंपनी का यूपीआई सेगमेंट में वर्चस्व हो। इसमें नए कस्टमर जोड़ने पर रोक भी लगाई जा सकती है। यह काम चरणों में किया जाएगा ताकि कस्टमर पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े। एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में कई कंपनियां काम करें ताकि किसी एक कंपनी के फेल होने का असर पूरे मार्केट पर न पड़े।

### 30 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी हिस्सेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने दिसंबर, 2022 में थर्ड पार्टी यूपीआई कंपनियों के लिए डेडलाइन बढ़ा दी थी। उन्हें डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन में अपनी हिस्सेदारी 30 फीसदी करने के लिए 2 साल का वक्त दिया गया था। यह समय सीमा दिसंबर, 2024 में खत्म होने वाली है। फिलहाल गूगल पे और वालमार्ट की कंपनी फोनपे यूपीआई ट्रांजेक्शन के बेताज बादशाह बने हुए हैं। उनके पास बाजार की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। पेटीएम एक बड़ा नाम होने के बाद भी इन दोनों कंपनियों से बहुत पीछे था। अब पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई से उसके मार्केट शेयर को और तगड़ा झटका लगा है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1122 चौके
643 छक्के

## ख़बर संक्षेप

### यूगांडा टी20 टीम के मुख्य कोच बने अभय



नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को यूगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया गया। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी। नवंबर में यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी।

### तैयारी करने का मिला फायदा : अभिषेक



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंदों में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। इससे काफी फायदा होता है।'

## आईपीएल : 7 मैचों में 5वीं जीत से दूसरे स्थान पर पहुंची केकेआर

# कोलकाता की 1 रन से रोमांचक जीत रॉयल चैलेंजर्स की लगातार छठी हार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी। फिल सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं श्रेयस अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। आरसीबी की यह लगातार छठी हार रही। वहीं कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत रही।

विल जैक्स (55 रन) और रजत पाटीदार (52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए, जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।



### कार्तिक ने खेला 250वां मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को अपने करियर का 250वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के बाद 250वां आईपीएल मैच खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रोहित, धोनी और कार्तिक के बाद विराट कोहली इस लिस्ट में 245 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट पाटीदार बो सिराज | 48 | 14 | 7 | 3 |
| नारायण बो दयाल | 10 | 15 | 2 | 0 |
| रघुवंशी बो दयाल | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वेंकटेश बो ग्रीन | 16 | 08 | 3 | 0 |
| अय्यर बो ग्रीन | 50 | 36 | 7 | 1 |
| रिंकू बो फर्ग्यूसन | 24 | 16 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 27 | 20 | 4 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 09 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 20 ओवर में 222/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-40-1, दयाल 4-0-56-2, फर्ग्यूसन 4-0-47-1, कर्ण 4-0-33-0, ग्रीन 4-0-35-2.

| बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली बो हर्षित | 18 | 07 | 1 | 2 |
| डुप्लेसी बो चक्रवर्ती | 07 | 07 | 1 | 0 |
| जैक्स बो रसेल | 55 | 32 | 4 | 5 |
| पाटीदार बो रसेल | 52 | 23 | 3 | 5 |
| ग्रीन बो नारायण | 06 | 04 | 0 | 1 |
| सुयश बो हर्षित | 24 | 18 | 3 | 0 |
| लोमरोर बो नारायण | 04 | 03 | 1 | 0 |
| कार्तिक बो रसेल | 25 | 18 | 3 | 1 |
| कर्ण शर्मा बो स्टार्क | 20 | 07 | 0 | 3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 221/10
गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3.

## गुजरात जीता, पंजाब की लगातार चौथी हार

मुल्लांपुर। गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स पर तीन विकेट से आसान जीत दर्ज की। साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। गुजरात को आखिरी पांच ओवरों में 42 रन की जरूरत थी और राहुल तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात की यह आठ मैचों में चौथी जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में छठी और लगातार चौथी हार रही।



# बलराज ने नौकायन में दिलाया पहला पेरिस ओलंपिक कोटा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं।

### बलराज ने जीता कांस्य पदक

एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण पदक और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।




# मेसी के दो गोल से 3-1 से जीती इंटर मियामी

एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल



अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इस दो गोल से मेसी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेसी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेसी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में भी एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेसी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेसी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेसी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

## गुकेश ने अलीरेजा को हराकर हासिल की शीर्ष पर बढ़त

टोरंटो। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

## अक्षदीप-प्रियंका मिश्रित रिले में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



अंताल्या। अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी की भारत की मिश्रित रिले टीम ने यहां विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में 18वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। शीर्ष 22 टीमें स्वतः पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकंड में पूरी की। मिश्रित टीम रिले वॉक में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला दस दस किलोमीटर चलते हैं।

## 'नंदिनी' बना आयरलैंड और स्कॉटलैंड टीम का प्रायोजक

बेंगलुरु। 'नंदिनी' ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा। हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है। केएमएफ के प्रबंध निदेशक एम के जगदीश ने रविवार को कहा, 'हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं। वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे। यह कदम 'नंदिनी' को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लिया गया है। सूचना प्रोद्योगिकी उद्योग के अनुभवी और इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी टी वी मोहनदास पाई ने इस कदम की आलोचना की।




## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** भागचंद पिता/पति रोहित कुमार,गोंदवारा रायपुर, अशोक कुमार ठाकुर पिता/पति कपिल ठाकुर ,सत्यम विहार कॉलोनी रायपुर, इन्द्राणी शर्मा पिता/पति रमेश कुमार शर्मा ,वार्ड न.44 म.न.204 ब्राह्मण पारा रायपुर, प्रफुल्लकांत उपाध्याय पिता/पति स्व. श्री आर.के. उपाध्याय ,कालीनगर लालपुर रायपुर, विश्राम सिन्हा पिता/पति स्व.इतवारी राम ,बढ़ाई पारा रायपुर, असगर अली पिता/पति स्व. मेहर अली ,एस.बी.आई. ए.टी.एम. गली पुरानी चौक रायपुर, अकबर खान कुरैशी पिता/पति दाउद खान कुरैशी ,मठपुरैना रायपुर, उमेश कुमार देवांगन पिता/पति डंडी राम देवांगन ,सोनम फुट वियर, नगर पालिका रोड बिरगांव, रायपुर, अब्दुल लतीफ़ पिता/पति स्व.अब्दुल जब्बार ,डी -321, आरडीए, कॉलोनी बोरियाखुर्द रायपुर, गोविन्द साहू पिता/पति प्रेमलाल साहू ,मठपुरैना रायपुर, राजेंद्र कुमार कोसले पिता/पति सुन्दर लाल कोसले ,डॉ.राजेंद्र नगर गोवर्धन चौक रायपुर, देव नारायण साहू पिता/पति प्रभु राम साव ,एम्.आई.जी - 34 महावीर नगर रायपुर, खिलेंद चेलक पिता/पति श्री पंचराम चेलक ,सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, पवनकुमार देवांगन पिता/पति सुधाराम देवांगन ,जलग्रह मार्ग शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, निधि यदु पिता/पति यशवंत यदु ,शंकराचार्य विद्यालय के पास गुढ़ियारी रायपुर, मधु यदु पिता/पति यशवंत यदु ,बजरंग नगर गोगांव रायपुर, नीरज कुमार यदु पिता/पति यशवंत यदु ,बजरंग नगर गोगांव रायपुर, युवराज तिवारी ` पिता/पति राजू तिवारी ,कुशालपुर संतोषी चौक रायपुर, विजय लक्ष्मी साहू पिता/पति दीपक साहू ,संजय नगर इंदिरा चौक रायपुर , रुखमनी बाई पिता/पति सेवा राम ,ग्राम-खोरपा अभनपुर, भगवान दास फरिकार पिता/पति छोटेलाल फरिकार ,महावीर पारा रायपुर, हरीश कुमार वर्मा पिता/पति तुलसीराम वर्मा ,गाजी नगर बिरगांव रायपुर, पंचुलाल साहू पिता/पति स्व.श्री मंगल प्रसाद साहू ,सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, आकाश यादव पिता/पति कुंजीलाल यादव ,सोहागा मंदिर ब्राह्मण पारा रायपुर, प्रेमलाल वर्मा पिता/पति शिव कुमार वर्मा ,खौना (सारागांव) रायपुर, ऋषि कान्त पिता/पति स्व. मेहतरू प्रसाद ,ग्राम. पो. आर.-तर्रा ,जि.- रायपुर, पार्वती साहू पिता/पति डामन लाल साहू ,क्वार्टर.न.4 इ ,सड़क-11 जोन -1 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, अर्जुन भारती गोस्वामी पिता/पति खेमराज भारती गोस्वामी ,प्लाट ओ.बी.,एस.टी.02 गणेश नगर भिलाई जिला दुर्ग, सुशीला शर्मा पिता/पति स्व.नागेश्वर प्रसाद शर्मा ,जंजगिरी बी.एम.वाय. चरोदा जिला दुर्ग, देवेन्द्र कुमार पिता/पति भुषण लाल ,C/O प्रकाश आटा चक्की नहर पारा कैंप 2 भिलाई शारदा पारा जिला दुर्ग, पुनाराम साहू पिता/पति मनसा राम साहू ,बासिन करंजा भिलाई जिला दुर्ग, सूर्यकांत नायक पिता/पति स्व.वेदराम नायक ,सेक्टर 2 सड़क -14 ब्लोक 4 भिलाई जिला दुर्ग, दुलेस्वर प्रसाद साहू पिता/पति खिलावन ,संतोषी नगर भिलाई जिला दुर्ग, हेमचंद सेठिया पिता/पति स्व. बालचंद ,शॉप न.711,सी मार्किट सेक्टर 6 भिलाई जिला दुर्ग, भुषण लाल साहू पिता/पति स्व.लखनलाल साहू ,दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर सुपेला जिला दुर्ग, केजराम पटेल पिता/पति स्व, दुकालुराम पटेल ,के.एल.सी.खुर्सीपार दुर्गा मंदिर जोन 3 वार्ड 46 जिला दुर्ग, जगबंधु जेना पिता/पति भास्कर जेना ,क्वाटर 4/जी सड़क 9 सेक.-11 जोन 1 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, नीलिमा बघेल पिता/पति गोवर्धन बघेल ,चांदनी चौक , बंधन तालाब कोहका भिलाई जिला दुर्ग, गौरव कुमार पिता/पति सुरेश प्रसाद ,शास्त्री नगर कैंप 1 सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, चितरंजन कुमार पिता/पति स्व. लीलागर निर्मल ,लीला चौक जामुल वार्ड.07 जिला दुर्ग, अरुण पाण्डेय पिता/पति स्व.लाल जी पाण्डेय ,18 न.रोड पांडे मोहल्ला सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, सुहानी हूमने पिता/पति जयंत हूमने ,शास्त्री नगर कैंप 1 सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, निखिल प्रोविजन पिता/पति नारायण साहू ,गणेश वार्ड न.-10 कालका पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, अनिल कुमार वैष्णव पिता/पति रामशरण दास वैष्णव ,सुकुल दैहान जिला राजनादगांव, धनेश्वर प्रसाद देशमुख पिता/पति घनश्याम सिंह देशमुख ,अर्जुनी टिकरी जिला बालोद, पीताम्बर दास साहू पिता/पति सुन्दर लाल साहू ,मुडपार जिला राजनांदगांव, अतुल ताम्रकार पिता/पति राजेश ताम्रकार ,मोहगाँव पंडरिया जिला कवर्धा, संतोष मेश्राम पिता/पति स्व. गोपी राम मेश्राम ,डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, मीनाक्षी चंद्राकर पिता/पति भूपेंद्र चंद्राकर ,ग्राम सिवनी कला जिला धमतरी. पवित्र कुमार साहू पिता/पति द्विज राम साहू ,शिवनी कला जिला धमतरी, लक्ष्मी देवी साहू पिता/पति नारद साहू ,पंकज किराना स्टोर्स मोहंदी जिला धमतरी, ईश्वरी देवी कुंजाम पिता/पति गोपीराम कुंजाम ,गोर गाँव अमाली जिला धमतरी, अशोक सेन पिता/पति संतराम सेन ,सिर्री जिला धमतरी, कुंत राम साहू पिता/पति स्व. इतवारी राम साहू ,बजरंग चौक पोखरा राजीम जिला गरियाबंद, संध्या महिलाग पिता/पति अशोक महिलाग,बंजारी ,कुरूद जिला धमतरी, दौलत राम ध्रुव पिता/पति भुवन लाल ध्रुव ,बेलोरा जिला धमतरी, महादेव साहू पिता/पति राम भाऊ साहू ,बाकली राजीम जिला गरियाबंद, सरोज मित्तील पिता/पति राजेश मित्तील ,वार्ड न.-12 जयस्तभ चौक डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, विष्णु राम साहू पिता/पति स्व. दशरथ साहू ,लफंदी जिला गरियाबंद, दुर्गा देवांगन पिता/पति टी आर देवांगन ,हथबंध जिला धमतरी, लोकेश कुमार साहू पिता/पति श्री राधेलाल ,मावालिपारा कोकानपुर जिला कांकेर, हुमेश कुमार गुप्ता पिता/पति राम कुमार गुप्ता ,मुडागाँव जिला गरियाबंद, संजय कुमार साहू पिता/पति वेद राम साहू ,घिरघोल, पलारी जिला बलौदाबाज़ार, के.एस. संजय राव पिता/पति स्व. सूर्या राव ,इंदिरा नगर वार्ड -5 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, श्याम लाल ठाकुर पिता/पति उदय सिंह ठाकुर ,डोंडी दल्लीराजहरा जिला बालोद, योगेश कुमार तारक पिता/पति कृष्णा कुमार तारक ,कोपरा राजीम जिला गरियाबंद, कुणाल मतवाले पिता/पति लीला राम मतवाले , सिर्री खुर्द ,तारिघट जिला महासमुंद, देवानंद साहू पिता/पति महेतरु राम साहू ,दहदाहा कुरूद जिला धमतरी, इंदरमन लाल साहू पिता/पति थनवार राम साहू ,बारुला बेलर फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, टेमिन बाई पिता/पति कमलेश ,पचपेड़ी जिला धमतरी, हेमन्त कुमार पिता/पति थम्मन लाल ,अवरी जिला धमतरी, राजिम साहू पिता/पति नम्मु राम साहू ,अवरी जिला धमतरी, डाकेश कुमार पिता/पति पूनम साहू ,पचपेड़ी जिला धमतरी, ईश्वर साहू पिता/पति भुनेश्वर साहू ,अवरी जिला धमतरी, तिजेश्वरी साहू पिता/पति उदय प्रताप साहू ,अवरी जिला धमतरी

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

# कभी महाराजाओं का निवास हुआ करते थे ये महल, आज है डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए मशहूर

*नई दिल्ली। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग का क्रेज काफी देखने को मिल रहा है। ज्यादातर कपल इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। लोग शिमला, गोवा या दूसरे चर्चित टूरिस्ट प्लेस को अपनी वेडिंग डेस्टिनेशन बना रहे हैं। वैसे भारत में कई ऐसे बड़े होटल हैं, जिन्हें भी वेडिंग के लिए पसंद किया जाता है। यहां शादी करना हर किसी का सपना माना जाता है। भारत के ऐसे ही 5 होटल के बारे में आज वेडिंग की बेहतरीन डेस्टिनेशन भी बन गए हैं। ऐसे ही कई होटल्स हैं, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग की जा रही है। कभी महल रहे इन जगहों को होटल में तब्दील कर दिया गया है।*

### ताज लेक पैलेस

उदयपुर की लेक पिचोला पर स्थित ताज लेक पैलेस होटल बेहद मशहूर है। तालाब के बीचों बीच मौजूद इस होटल की खूबसूरती दीवाना बना देती है। पहले ये बहुत खूबसूरत महल हुआ करता था और फिर इसे होटल के रूप में बदल दिया गया। आज लोग यहां पर छुट्टियां मनाने और डेस्टिनेंशन वेडिंग के लिए आना पसंद करते हैं।



### रामबाग पैलेस

रामबाग पैलेस जयपुर ये होटल कभी जयपुर के महाराजा का निवास स्थान हुआ करता था। ये शाही महल दिखने में बेहद ही सुंदर है। इस पैलेस को जयपुर का गहना भी कहा जाता है और रामबाग पैलेस विश्व का नंबर 1 पैलेस बन चुका है।



### फलकनुमा पैलेस



खूबसूरती और शानौं-शौकत के लिए दुनिया में मशहूर फलकुना पैलेस हैदराबाद में स्थित है। ये चारमीनार से करीब 5 किमी की दूरी पर बना है। फलकनुमा का मतलब आसमान की तरह और स्टार ऑफ हेवन होता है। आप यहां साल में कभी भी अपनी फैमिली के साथ समय बीताने के लिए आ सकते हैं। साथ ही अपनी शानो-शौकत के लिए मशहूर ये पैलेस रोयल डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए अच्छा विकल्प है।

### नीमराना फोर्ट

राजस्थान का नीमराना फोर्ट जो दिल्ली से महज करीब 122 किलोमिटर की दूरी पर है ये भी कभी महल था। लेकिन अब इसे होटल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। डेस्टिनेशन वेडिंग और कई तरह के पार्टी के लिए आप इसका चयन कर सकते हैं।



### उम्मेद पैलेस

उम्मेद भवन पैलेस राजस्थान के जोधपुर में स्थित हैं। ये एक बहुत ही शानदार और खूबसूरत महल है। ये महल भी डेस्टिनेशन वेडिंग करने के लिए काफी प्रसिद्ध है।



# परंपरा : सालों तक घर पर रखा जाता है शव


**नई दिल्ली।** सुलावेसी नामक एक इंडोनेशियाई द्वीप पर मृतकों की लाश को परिवार के साथ रखा जाता है। यहां के लोग मानते हैं कि मृत व्यक्ति को जीवित लोगों के साथ रखने से उसकी आयु बढ़ती है। गांव के लोगों का कहना है कि यह एक बीमार व्यक्ति के साथ रहने के बराबर है। परिवार की वित्तीय स्थिति मृतकों के रहने की अवधि निर्धारित करती है। आमतौर पर यहां लोग मृतकों को कई हफ्तों से लेकर वर्षों तक साथ रखते हैं।

# हाईकोर्ट में गुहार: संग्रहण केंद्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव

## प्रबंधकों और प्रभारियों ने दायर की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है। इससे होने वाले शार्टेज व अन्य नुकसान के लिए सीधे केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों को जिम्मेदार माना जाता है और कार्रवाई होती है। इसके खिलाफ पहली बार संग्रहण केंद्रों के प्रबंधकों व प्रभारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि संग्रहण केंद्र से धान का उठाव और परिवहन सही तरीके से नहीं हो रहा है। बारिश होने पर भी धान खराब होता है। इस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि आप को इससे क्या दिक्कत है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा हमारे पास धान रखने के लिए शेड नहीं है। बारिश में सड़कर धान खराब होता है और इसके लिए हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाता है। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि प्रतिवर्ष इस मामले में सहकारी समितियों के खिलाफ 200 मुकदमा दर्ज होता है।



### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम से मांगा जवाब

कोर्ट ने सीधे सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को नोटिस जारी कर प्रदेश के सभी जिलों में पैडी प्रोक्योरमेंट स्कीम 2023-2024 के अनुसार धान का उठाव व परिवहन की स्थिति के संबंध में शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। कोर्ट ने स्कीम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई इसकी भी जानकारी मांगी है। याचिका में एक सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

### आंतें स्वस्थ तो नहीं होगा अल्जाइमर

**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र के साथ होने वाली बीमारी अल्जाइमर का गहरा संबंध हमारी आंतों की सेहत से हो सकता है। जिन लोगों की आंतों की सेहत ठीक नहीं, उन्हें अल्जाइमर अपनी चपेट में ले सकता है। यह दावा ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने करीब 4 लाख लोगों पर हुए अध्ययन के आधार पर किया है।




मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com